RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 145 • 15:09:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

# भाजपा की जीत की हैट्रिक तय : मोदी

**एजेंसी। कुरुक्षेत्र/नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कुरुक्षेत्र में चुनावी रैली में कहा कि हरियाणा में भाजपा की जीत की हैट्रिक तय है। प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा चुनाव के लिए अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए लोगों से आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार भाजपा को समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "मैं एक बार फिर इस पवित्र भूमि पर भाजपा की सरकार बनाने के लिए आपका समर्थन मांगने आया हूं। आपने मुझे लगातार तीसरी बार दिल्ली में सेवा करने का अवसर दिया है और आज जो उत्साह मैं यहां देख रहा हूं, उससे यह स्पष्ट है कि भाजपा की हैट्रिक निश्चित है।" मोदी ने जोश के साथ कहा कि हरियाणा के लोग अपनी बात पर अडिग रहने के लिए जाने जाते हैं और भाजपा ने भी यही सीखा है। हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही हमने एक बड़ा फैसला किया है, जिसका लाभ हरियाणा के लाखों परिवारों को मिलेगा। भाजपा सरकार ने फैसला किया है कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को अब 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। हमने कहा था कि भाजपा सरकार के पहले 100 दिन बड़े फैसलों के होंगे। 100 दिन से भी कम समय में हमने 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की हैं और वंचितों के लिए 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी है, जिससे उन्हें न केवल एक घर बल्कि एक स्थायी पता, उनके सपनों के लिए एक लॉन्चपैड मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के शासन रिकॉर्ड पर प्रकाश डाला तथा किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से हाल में की गई पहलों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने भाजपा के रिकॉर्ड की तुलना कांग्रेस से की तथा पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में उसके प्रदर्शन की आलोचना की। उन्होंने कहा, "हरियाणा का पड़ोसी हिमाचल प्रदेश है, जहां कुछ साल पहले कांग्रेस ने सरकार बनाई थी। हालांकि, हिमाचल प्रदेश में अब कोई भी खुश नहीं है और कांग्रेस ने वहां समाज के हर वर्ग के लिए झूठे वादे किए। कांग्रेस ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया और सरकारी कर्मचारी अपने वेतन के लिए हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं।" प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और कहा, "कांग्रेस ने कभी भी लोगों की समस्याओं की परवाह नहीं की। कोई भी पार्टी इतनी बेईमान और धोखेबाज नहीं रही। जिन लोगों ने कांग्रेस पर भरोसा किया, वे अब पछता रहे हैं। कर्नाटक और तेलंगाना को देखिए, कांग्रेस का झूठ वहां भी पहुंच गया है। उनका एकमात्र एजेंडा चुनाव जीतने के लिए जनता का खजाना खाली करना है। पंजाब का हाल देखिए। हरियाणा के लोगों को ऐसी पार्टियों को सत्ता से दूर रखना चाहिए। कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "कर्नाटक में कांग्रेस के शासन के कुछ ही महीनों में करीब 1,200 किसानों ने आत्महत्या कर ली, क्योंकि उन्हें सूखे के दौरान कोई मदद नहीं मिली। फिर भी यहां हरियाणा में कांग्रेस झूठे वादे कर रही है। जब देश ने उनके झूठ को उजागर किया, तो उन्होंने पुरानी पेंशन योजना के बारे में बात करना ही बंद कर दिया। इसके विपरीत, भाजपा ने कर्मचारियों के लिए सुरक्षित भविष्य की गारंटी देते हुए नई पेंशन योजना शुरू की है।

## जम्मू-कश्मीर का चुनावः तीन खानदानों और यहां के नौजवानों के बीच में : पीएम

**डोडा।** भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में चुनावी शंखनाद कर दिया। पीएम मोदी ने यह बीजेपी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। पीएम मोदी की रैली से पहले किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए। इसकारण सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यहां जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने आपके बच्चों की चिंता कभी नहीं की। इन परिवारवादी दलों ने सिर्फ अपने बच्चों को आगे बढ़ाया। जम्मू-कश्मीर के मेरे युवा आतंकवाद में पिसते रहे। वहीं ये परिवारवाद को आगे बढ़ाने वाली पार्टियां आपको गुमराह करके मौज काटती रही। इन लोगों ने जम्मू-कश्मीर में नए नेतृत्व को कहीं भी, कभी भी उभरने ही नहीं दिया। पीएम मोदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर का चुनाव उसका भविष्य तय करेगा। जिन राजनीतिक दलों पर जनता ने भरोसा किया गया, वे ठगे गए। घाटी की जनता आतंकवाद में पिसती रही, परिवारवाद वाले मौज काटते रहे। पीएम मोदी ने आंतकवाद पर प्रहार कर कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। पिछले 10 साल में यहां जो बदलाव आया है, वहां बदलाव किसी सपने से कम नहीं है। जो पत्थर पहले पुलिस और फौज पर उठते थे,आज उन पत्थरों से नया जम्मू कश्मीर बन रहा है। मैं चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर में हर बच्चे को बेहतर शिक्षा मिले। पिछले कुछ सालों में, भाजपा सरकार ने युवाओं की बेहतरी के लिए जम्मू-कश्मीर में कई स्कूल और कॉलेज शुरु किए है। डोडा में मेडिकल कॉलेज की लंबे समय से चली आ रही मांग को भी भाजपा सरकार ने हाल ही में पूरा किया है। विपक्ष पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा जम्मू कश्मीर का इस बार का विधानसभा चुनाव... तीन खानदानों और जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के बीच में है।

# जेल से बाहर केजरीवाल, हरियाणा चुनाव में कांग्रेस-भाजपा को करेंगे परेशान

## हरियाणा विधानसभा चुनाव हुआ रोमांचक



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 177 दिन जेल में रहने के बाद जमानत मिल गई है। केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद आम आदमी पार्टी के हौसले बुलंद हो चुके है। आप ने हरियाणा की सभी 90 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। लिहाजा अब लग है कि हरियाणा का चुनावी दंगल जोरदार होगा। 2019 में आप ने हरियाणा विधान सभा की 46 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। हालांकि तब उसका वोट शेयर महज एक फीसदी रहा। तब से अब तक बहुत कुछ हो चुका है। आम आदमी उन लोगों को एक अच्छे विकल्प की तरह दिखती है जो कांग्रेस या बीजेपी को वोट नहीं देना चाहते। लंबे समय तक बीजेपी का गढ़ रहने वाली दिल्ली कम से कम विधान के स्तर पर आप का गढ़ बन चुकी है। टिकट बंटवारे के पहले से ही हरियाणा में कांग्रेस को अलग अलग गुटों की लड़ाई से जूझना पड़ रहा है। कांग्रेस चुनाव के पहले चाह रही थी कि देश भर में ये संदेश दिया जाए कि उसका इंडिया गठबंधन कामयाब है। इस लिहाज से कांग्रेस लगातार आप से गठबंधन करने की कोशिश करती रही। लेकिन माना जा रहा है कि सीटों पर बात न बनने के कारण केजरीवाल ने ही गठबंधन न करने का फैसला लिया। हरियाणा में ब्रजभूषण शरण सिंह की मुखालफत करने वाली विनेश अब बीजेपी के खिलाफ लड़ रही हैं। बीजेपी ने कई पुराने नेताओं को टिकट नहीं दिया है। इसमें सावित्री जिंदल भी शामिल है। इसके अलावा कई नेता पार्टी से टिकट न मिलने के कारण खफा है। हालांकि कांग्रेस के सामने भी कम चुनौतियां नहीं है। टिकट देने तक पार्टी में तीन गुट साफ अलग अलग दिख रहे थे। अभी भी ये नहीं कहा जा सकता कि ये तीनों गुट बहुत मिलकर चुनाव मैदान में उतरेंगे की नहीं। जेजपी और आजाद समाज पार्टी गठबंधन के तहत राज्य की सभी सीटों पर लड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में जेजपी को 13 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे लेकिन लोक सभा चुनाव में जेजपी की हिस्सेदारी एक फीसदी से भी नीचे गिर कर 0.87 हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पेस में रहते हुए बिल्कुल भी निराश नहीं: सुनीता

**वॉशिंगटन।** अंतराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में फंसी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने बात की है। उनका मानना है कि उन्हें बोइंग स्टारलाइनर के जरिए वापस धरती पर लाया जा सकता था लेकिन अंतरिक्ष यान की समस्याओं पर काम करने के लिए ज्यादा समय मौजूद होता है। पिछले सप्ताह बैरी विल्मोर और सुनीता विलियम्स ने बोइंग स्टारलाइनर को स्पेस स्टेशन से धरती की ओर जाते हुए देखा था। करीब तीन महीने पहले वह इसी अंतरिक्ष यान के जरिए स्पेस स्टेशन गए थे लेकिन अब यह बिना अंतरिक्ष यात्रियों के खाली पृथ्वी पर लौट आया है। एक वीडियो प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुनीता ने कहा कि मुझे यकीन है कि हम उस पॉइंट तक पहुंच सकते थे, जहां हम स्टारलाइनर के जरिए लौट सकते थे लेकिन हमारे पास समय खत्म हो गया। पांच जून को दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसक्राफ्ट के पहले मानव मिशन के हिस्से के तौर पर स्टारलाइनर से उड़ान भरी थी। उनके मिशन का लक्ष्य स्पेस स्टेशन के साथ जुड़ना, आठ दिनों तक वहां रहना और फिर स्टारलाइनर के वापस धरती पर आना था। स्पेस में पहुंचने पर स्टारलाइनर में कई खराबियां आ गईं। स्पेसक्राफ्ट में हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी आ गई, जिस कारण इसकी वापसी मुश्किल हो गई। दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को अब फरवरी 2025 तक स्पेस में रहना पड़ेगा। पिछले महीने नासा ने फैसला किया कि विलियम्स और विल्मोर फरवरी में स्पेसएक्स के क्रू-9 उड़ान के जरिए वापस धरती पर आएंगे।



### विशाखापट्टनम में सबमरीन एस्केप ट्रेनिंग फैसिलिटी 'विनेत्र' नौसेना में शामिल



**नई दिल्ली।** कलवरी सबमरीन एस्केप ट्रेनिंग फैसिलिटी 'विनेत्र' भारतीय नौसेना को मिल गई है। पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने विशाखापट्टनम में एक समारोह के दौरान इसे भारत के समुद्री बेड़े में शामिल किया है। इस आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर का मकसद कलवरी श्रेणी की सबमरीन के चालक दल को आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने की ट्रेनिंग देना है। इसे स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है, जो भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने की पहल में से एक है। आईएनएस सातवाहन, विशाखापट्टनम में 13 सितंबर को शामिल की गई सबमरीन एस्केप ट्रेनिंग फैसिलिटी 'विनेत्र' का निर्माण मेसर्स एलएंडटी डिफेंस ने किया है। कलवरी सबमरीन एस्केप ट्रेनिंग फैसिलिटी पांच मीटर के एस्केप टॉवर से सुसज्जित है। इस अत्याधुनिक ट्रेनिंग फैसिलिटी का उपयोग कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के चालक दल को बेसिक और रिफ्रेशर दोनों प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पनडुब्बी संकट की स्थिति में वे बच निकलने की कला में कुशल हो जाएं।

# अरे ये नन्हा मेहमान कौन है: जिसे दुलारते, चूमते दिख रहे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वे पीएम हाउस में गाय के बच्चे के साथ दिख रहे हैं। पीएम मोदी बड़े प्यार से गाय को दुलार रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि इस नव वत्सा का नाम उन्होंने दीपज्योति रखा है। इसके पहले भी पीएमओ से पीएम मोदी के गाय के साथ वीडियो और तस्वीर सामने आते रहे हैं। लेकिन इस गाय के बच्चे के साथ पीएम मोदी का वीडियो काफी वायरल हो रहा है। पीएम मोदी ने पोस्ट कर कहा, हमारे शास्त्रों में कहा गया है-गावः सर्वसुख प्रदाः। लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए, मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है।



**क्या है इन गाय की खासियत? :** पीएम मोदी का मकर संक्रांति के मौके पर भी गायों का चारा खिलाते हुए वीडियो सामने आया था। पीएम आवास पर कई गाय पाली गई हैं, इनके साथ अक्सर पीएम मोदी समय बिताते हैं। ये आम गाय से थोड़ी से अलग हैं। ये गाय पुंगनूर नस्ल की हैं और आंध्र प्रदेश से ताल्लुक रखती है। इनकी हाइट सिर्फ ढाई से तीन फीट तक होती है। ये गाय अत्यधिक पौष्टिक दूध देती है।

# आर्मेनिया ने अपने सुखोई-30 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए भारत से मदद मांगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सोवियत संघ का पतन होने के बाद अजरबैजान के साथ दो बार युद्ध लड़ चुके आर्मेनिया ने रूस निर्मित सुखोई-30 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए भारत से मदद मांगी है। इससे पहले आर्मेनिया ने भारत से रॉकेट सिस्टम, आर्टिलरी गन और हथियार पता लगाने वाले राडार लेने के लिए ऑर्डर दिया है। आर्मेनिया के सुखोई विमानों को एवियोनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक युद्धक उपकरण और हथियारों से लैस किया जाना है। इसके अलावा आर्मेनिया ने एस्ट्रा एमके1 बीवीआर मिसाइलों के लिए भारत के साथ बातचीत शुरू की है। जोधपुर एयरबेस पर अंतरराष्ट्रीय रक्षा विमानन प्रदर्शनी के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बहुराष्ट्रीय अभ्यास में भाग लेने वाली 28 वैश्विक वायु सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों के साथ वार्ता करके संभावित सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की। इसी वार्ता के दौरान आर्मेनिया के वायु सेना प्रमुख कर्नल होवनेस वर्दयान ने बताया कि हम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की मदद से अपने सुखोई-30 को आधुनिक बनाने पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में उसके पास काफी विशेषज्ञता है। एचएएल ने नासिक में अपने विमान निर्माण प्रभाग में लाइसेंस के तहत भारतीय वायु सेना के लिए रूसी मूल के लड़ाकू विमानों का निर्माण किया है। एचएएल के एक शीर्ष अधिकारी ने भी आर्मेनियाई वायु सेना के इरादों की पुष्टि में कहा कि इस बारे में कुछ बातचीत चल रही है लेकिन यह अभी शुरुआती चरण में है। आर्मेनिया के सुखोई-30 वेरिएंट भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 बेड़े से अलग है। दोनों देशों के अलग-अलग वेरिएंट वाले सुखोई विमानों के तकनीकी पहलुओं के साथ ही आर्मेनिया की जटिल गतिशीलता को भी ध्यान में रखना चाहिए। इसके अलावा भारत का पुराना और भरोसेमंद रक्षा साझेदार रूस धीरे-धीरे यूक्रेन के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से अज़रबैजान के करीब जा रहा है। इधर, हाल के वर्षों में आर्मेनिया के साथ भारत के रक्षा संबंध और भी गहरे हुए हैं।

## सवर्णों ने दलितों का किया बहिष्कार, मंदिर और दुकान जाने पर लगाया प्रतिबंध

**बेंगलुरु।** आधुनिक और डिजिटल भारत से जातिवाद का जहर अभी निकला नहीं है। आज भी सवर्णों द्वारा दलितों पर किए जाने वाले अत्याचारों की घटनाएं सामने आ रही हैं। कर्नाटक के यादगीर में दलितों को मंदिरों और दुकानों में भी एंट्री नहीं मिल रही है। नाई उनके बाल काटने को तैयार नहीं हैं। किराना स्टोर पर वे राशन लेने को भी तरस रहे हैं। वजह सिर्फ इतनी है कि दलितों ने पॉक्सो ऐक्ट के तहत सवर्णों पर मामला दर्ज करवा दिया था। सवर्ण लगातार इस प्रकरण को वापस लेने के लिए दलितों पर दवाब बना रहे थे। जब उनके मंसूबे पूरे नहीं हुए तो गुस्से में सवर्णों ने दलितों का बहिष्कार कर दिया। पुलिस के मुताबिक 15 साल की दलित लड़की एक युवक के साथ रिलेशनशिप में थी। परिवार का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर लड़की के साथ रेप किया। वहीं जब बात शादी की आई तो वह मुकर गया। अगस्त की शुरुआत में लड़की के परिवार को पता चला कि वह 5 महीने की प्रेग्नेंट है। इस पर लड़की के परिवार वाले युवक पर शादी का दबाव बनाने लगे। हालांकि कथित तौर पर लड़के के परिवार ने शादी करने से इनकार कर दिया। गांव में रहने वाले करीब 250 दलितों पर प्रतिबंध लगा दिए गए।

## खाद्य तेल, प्याज और बासमती चावल से जुड़े केंद्र सरकार के फैसलों से किसानों की आय बढ़ेगी : शिवराज सिंह चौहान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



खाद्य तेल, प्याज और बासमती चावल से जुड़े केंद्र सरकार के द्वारा लिए गए फैसलों से किसानों के साथ-साथ कारोबारियों को भी फायदा होगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा है कि मोदी सरकार के इन फैसलों से किसान की आय बढ़ेगी व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। शिवराज सिंह ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण फैसले लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी जताया है। शिवराज सिंह चौहान ने अपनी पोस्ट में कहा कि किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकार ने रिफाइंड ऑयल के मूल शुल्क को 32.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से रिफाइनरी तेल के लिए सरसों, सूरजमुखी और मूंगफली की फसलों की मांग बढ़ेगी। उन्होंने ने एक अन्य पोस्ट में कहा है कि मोदी सरकार ने प्याज के निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि निर्यात शुल्क कम होने से प्याज उत्पादक किसानों को प्याज के अच्छे दाम मिलेंगे और प्याज का निर्यात बढ़ेगा। उन्होंने अपने एक अन्य पोस्ट में कहा है कि मोदी सरकार ने बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क हटाने का निर्णय लिया है।

# भय या लालच किस वज़ह से चुप है जनप्रतिनिधि और अधिकारी

**अजित कुमार की कलम से**




**चाणक्य भूमि बेतिया।** वैसे तो भारत का शायद ही कोई कार्यालय हो जो भ्रस्टाचार की जकड़ में ना हो पर बेतिया नगर निगम शायद सबसे निराला है। इस निगम में जनप्रतिनिधि हो या अधिकारी सभी एक दूसरे पर भ्रस्टाचार का आरोप लगाते है परंतु भ्रस्टाचार को कोई रोकना नहीं चाहता। और भ्रष्टाचारियों द्वारा इसका फायदा उठाकर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुँचाया जा रहा है।आपको बता दे कि बेतिया नगर निगम के ऑडिटोरियम के समीप कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से मोटर बाईक स्टैंड चलाया जा रहा है और इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक को है परंतु देखा जाय तो सभी को जानकारी होने के बाबजूद यह स्टैंड निर्बाध रूप से चल रहा है और कारवाई के नाम पर कुछ नहीं हो रहा। जिस वजह से नगर निगम को लाखो के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस सम्बंध में नगर निगम की सशक्त समिति ने भी महीनों पहले कारवाई के लिये लिखा था परन्तु निगम प्रशासन द्वारा इसपर कोई कारवाई नहीं की गई। इस सम्बंध में नगर उपायुक्त ने बताया कि उन्हें इस सम्बंध में कोई जानकारी नहीं है जानकारी प्राप्त करने के बाद कारवाई की जायेगी।सवाल यह है कि आखिर नगर निगम ऑडिटोरियम के गेट पर चलने वाले अवैध स्टैंड की जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को क्यूँ नहीं है जबकि वहाँ पर नगर निगम के कर्मी नियमित ड्यूटी पर तैनात है। और अगर जानकारी नहीं है तो मिनटों में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। परन्तु कार्यवाही नहीं कर नगर निगम को लाखो के राजस्व को नुकसान पहुंचने देना अधिकारियों की किस मानसिकता का परिचय है यह आसानी से समझा जा सकता है।

# सैकड़ों लोग फंसे, वीडियो वायरल होने की आशंका

**एजेंसी। नोएडा**

## नोएडा गे रिलेशनशिप कांड




हाल ही में नोएडा पुलिस ने गे रिलेशनशिप कांड का खुलासा किया था। पुलिस की जांच में कई अश्लील वीडियो और कई तरह की जानकारियां मिली थी। इस मामले में आशंका जाहिर की गई है कि सैकड़ों लोग इस गिरोह के चंगुल में फंसे हैं और उन्हे डर है कि कहीं उनका कोई अश्वील वीडियो वायरल न हो जाए। नोएडा फेज-2 पुलिस ने समलैंगिंग डेटिंग ऐप पर दोस्ती कर संबंध बनाने और इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरन रुपये वसूलने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी अब तक 20 से अधिक लोगों का वीडियो बनाकर उनसे जबरन वसूली कर चुके हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के सोशल मीडिया एकाउंट को भी खंगाला जा रहा है। इस गिरोह में कितने लोग सक्रिय है, इसका भी पता लगाया जा रहा है। इससे पहले मेरठ शहर में भी इस प्रकार की ठगी तथा ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आ चुका है। मेरठ पुलिस ने भी एक गिरोह को पकड़ा था। नोएडा पुलिस को आशंका है कि मेरठ वाला गिरोह जेल से छूटने के बाद नोएडा में सक्रिय हो गया है। एक माह के भीतर दो ऐसे मामले नोएडा में सामने आ चुके हैं। युवकों के पास से बरामद मोबाइल में कई आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक दोनों युवक पीड़ितों से सिर्फ नगदी लेते थे ताकि ट्रांजेक्शन डिटेल के जरिए उनको पकड़ा न जा सके। आरोपी नोएडा के अलावा दिल्ली और गुरुग्राम के लोगों को भी निशाना बना चुके हैं। अधिकांश अश्लील वीडियो मोबाइल से बनाए गए हैं। जल्द ही पुलिस अन्य पीड़ितों से भी मामले को लेकर संपर्क करेगी। इसके लिए मोबाइल के रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बीते दिनों एक पीड़ित ने शिकायत दी थी कि दो युवकों ने उससे समलैंगिक डेटिंग ऐप पर दोस्ती की और उसे मिलने के लिए सुनसान जगह पर बुलाया। वहां संबंध बनाने के दौरान आरोपियों ने वीडियो बना लिया। कुछ ही दिन बाद दोनों युवकों ने उसके मोबाइल पर वीडियो भेजा और कहा कि अगर उसने 30 हजार रुपये और सोने का हार दो दिन के भीतर नहीं दिया तो वीडियो वायरल हो जाएगा। इसके बाद पीड़ित को बदनामी का डर सताने लगा और उसने जीवन समाप्त करने के बारे में सोच लिया।

## राहुल गांधी की टीम द्वारा टेक्सास में पत्रकार के साथ बदसुलूकी की एनयूजे ने की निंदा

**नई दिल्ली।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) ने अमेरिका के टेक्सास में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की विदेश यात्रा के दौरान इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा से इंटरव्यू के समय एक पत्रकार से बदसूलुकी और वीडियो डिलीट करने के मामले की कड़ी निंदा की है। सैम पित्रोदा से पत्रकार रोहित शर्मा के यह सवाल पूछने पर कि 'क्या राहुल गांधी यूएस के सांसदों से बांग्लादेश में मारे जा रहे हिंदुओं के बारे में चर्चा करेंगे पर राहुल गांधी की टीम ने उनके साथ बदसुलूकी की और उनका फोन छीनकर वीडियो डिलीट कर दिया। पत्रकार को जबरन होटल के कमरे में 30 मिनट तक रोक कर रखा। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि हैरानी की बात है कि एक तरफ राहुल गांधी ने अमेरिका की यात्रा के दौरान भारत में मीडिया की घटती आजादी का मुद्दा उठाया और दूसरी तरफ उनकी टीम के सदस्यों ने भारतीय पत्रकार के साथ सवाल पूछने पर ही बदसुलूकी की और वीडियो को जबरन डिलीट कर दिया। पत्रकार रोहित शर्मा ने घटना के बारें बताते हुए कहा कि इसे पहले भी कांग्रेस के एक्स पर ऐसे पोस्ट देखे जा सकते है।

## प्रधानमंत्री ने गुजरात में डूबने से लोगों की मृत्यु पर शोक जताया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के देहगाम में डूबने से लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि तथा घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, "गुजरात के देहगाम तालुका में डूबने की घटना में लोगों की मौत की खबर से बेहद दुखी हूं। इस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। "वहीं प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के देहगाम में डूबने की घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### इलेक्ट्रिक कार पेड़ से टकराने के बाद धूं धूं कर जल गया

**सहरसा' , एजेंसी।** सिमरीबख्तियारपुर, एक प्रतिनिधि। नगर परिषद क्षेत्र के सिमरीबख्तियारपुर-सहरसा सड़क मार्ग के भोरहा गांव के समीप गुरुवार देर रात एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद अचानक कार में आग लग गई और देखते ही देखते घटना स्थल पर ही धु-धु कर जल गया । वहीं कार के चालक ने समय रहते कार से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई । प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार गुरुवार देर रात सहरसा की दिशा से सिमरीबख्तियारपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रही थी जैसे ही कार भोरहा गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सडक किनारे एक पेड़ से टकरा गई और कार से धुआं उठने लगा। हालांकि कार के चालक ने समय रहते कार से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई । तभी देखते ही देखते कार के अंदर से आग की लपटे उठने लगी । जब तक अग्निशमन की टीम वहां पहुंची तब तक पूरी तरह से जल चुकी थी । घटना के बाद से कार चालक फरार हो गया। कार किनका था, पता नही चल पाया।

### अलग-अलग दो हादसे में तीन लोग घायल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर थाना क्षेत्र के भगवानपुर ओवरब्रिज पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जुगाड़ गाड़ी ने ठोकर मार दी थी। घायल बाइक सवार एंबुलेंस का चालक बताया जा रहा है। सदर पुलिस ने उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। इधर, आमगोला ओवरब्रिज पर भी कार की ठोकर से बाइक सवार दो लोग जख्मी हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर काजीमोहम्मदपुर थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मछली व्यवसायी का पुत्र कमरे में फंदे से लटका मिला

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मिठनपुरा थाना के रामबाग माईस्थान गली में मछली व्यवसायी शीनोद साह के पुत्र सोनू कुमार (28) का शव शुक्रवार को कमरे में फंदे से लटका मिला। वह परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहा था। घटना के समय वह घर में अकेला था। परिवार के सदस्य एक रिश्तेदार की शादी की सालगिरह में शामिल होने कन्हौली नाका के पास गए थे। देर शाम परिवार के सदस्यों ने सोनू के मोबाइल पर कॉल किया। कई बार फोन करने के बाद भी जब रिसीव नहीं हुआ तो परिवार के सदस्य भागे-भागे घर पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा को तोड़ा गया तो सोनू फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पर मिठनपुरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानेदार रामइकबाल प्रसाद ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजन के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ओडिशा के जंगल से लौटे बिहार के एक और मजदूर की मौत, रहस्यमयी बीमारी से अब तक 4 की जान गई

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना जिले के बाढ़ में बीते दिनों ओडिशा से लौटे एक और मजदूर ने दम तोड़ दिया। रहस्यमयी बीमारी से अब तक चार मजदूरों की जान जा चुकी है। इससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। चारों मजदूर ओडिशा में मजदूरी करने गए थे। लोगों का कहना है कि मजदूरों को सुनसान जंगल में टावर लगाने का काम मिला था। वहीं, उन्हें किसी बीमारी ने चपेट में ले लिया। इसके बाद एक-एक कर चार मजदूरों ने दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं, विशेषज्ञों का दावा है कि मजदूरों की जान मलेरिया की वजह से गई। जानकारी के मुताबिक रहस्यमयी बीमारी से ग्रसित चौथे मजदूर शाहिद ने शुक्रवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसकी मौत पश्चिम बंगाल के आसनसोल के एक अस्पताल में हुई। परिजन उसे बाढ़ से ही इलाज के लिए वहां ले गए थे। उसके साथी मजदूर मोहम्मद सलीम और उमर उर्फ चुन्नू का इलाज चल रहा है। मजदूरों के परिजन लगातार हुई मौत से डरे हुए हैं। कुछ लोग इसे दिमागी बुखार भी बता रहे हैं। परिजन के अनुसार इलाजरत मजदूर मोहम्मद सलीम की हालत में सुधार हो रहा है। बता दें कि मजदूरों का ग्रुप एक हफ्ते पूर्व ओडिशा से बीमार होकर लौटा था। ओडिशा से लौटे मजदूरों की रहस्यमय बीमारी से मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया।

### बिहार के पैक्स कर्मियों की बल्ले-बल्ले!

# जल्द वेतनमान देगी नीतीश सरकार इस बात का है इंतजार



**पटना, एजेंसी।** बिहार राज्य के 8463 पैक्सों में कर्मियों और प्रबंधकों का वेतनमान तय करने के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी को जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है। हालांकि, डेढ़ माह बीतने के बाद भी अभी तक कमेटी की रिपोर्ट विभाग को नहीं मिली है। रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार की ओर से इन्हें वेतमान देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल पैक्स के लाभांश से उन्हें मानदेय दिया जाता है।

कमेटी की अनुशंसा के बाद प्रबंधकों और कर्मियों का मानदेय तय किया जाएगा। हाल के दिनों में पैक्सों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं। धान खरीद के अलावा पेट्रोल पंप, जन औषधि केन्द्र, सीएससी, राशन, खाद-बीज की दुकान का संचालन पैक्स कर रहे हैं। इसमें प्रबंधकों की अहम भूमिका होती है। पैक्सों में खाता के रखरखाव के लिए अकाउंट कर्मी और कंप्यूटर चलाने के लिए डाटा इंट्री ऑपरेटर भी रखे जा रहे हैं। इन कर्मियों का वेतनमान एक समान नहीं होने से परेशानी हो रही है।

इसे देखते हुए वेतनमान तय करने पर विचार चल रहा है। पैक्स कर्मी संघ बहुत दिनों से इसकी मांग कर रहा है। इस संबंध में विधानसभा में भी प्रश्न उठ चुका है। इसके बाद सहकारिता विभाग ने अपर निबंधक की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। कमेटी से पंद्रह दिनों में रिपोर्ट मांगी गई थी। हालांकि, डेढ़ माह बीतने के बाद भी अभी तक कमेटी की रिपोर्ट नहीं आई है।

### प्रबंधकों को अभी लाभांश से मिलता है मानदेय

पैक्स प्रबंधकों और कर्मियों को मानदेय अभी लाभांश से मिलता है। चूंकि ज्यादातर पैक्स या तो कम लाभांश पर चलते हैं या फिर घाटे में रहते हैं। ऐसे में वहां के कर्मियों को समान मानदेय नहीं मिल पाता है। कर्मियों के मानेदय के संबंध में नियमावली पहले बन चुकी है। कमेटी उसका भी अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट देगी।




## अवैध कोचिंग संस्थानों के संचालक पर होगी कार्रवाई

**सीवान, एजेंसी।** सीवान के शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी बिना रजिस्ट्रेशन के सैकड़ों कोचिंग संस्थान चलाए जा रहे हैं। इन सभी कोचिंग संस्थान के संचालकों के ऊपर शिक्षा विभाग शीघ्र ही कार्रवाई करेगा। शिक्षा विभाग द्वारा इन सभी की सूची तैयार की जा रही है। इन सभी से रजिस्ट्रेशन के लिए शिक्षा विभाग ने आवेदन मांगा गया था और रजिस्ट्रेशन कराने के लिए एक माह का समय दिया गया था। लेकिन अधिकांश कोचिंग संचालकों के द्वारा अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 15 दिन के लिए तिथि में विस्तार भी किया गया था। बावजूद इसके कोचिंग संस्थान के संचालकों ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है।

### संचालकों को भेजा जाएगा नोटिस

शिक्षा विभाग इन सभी के उपर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दिया है। बिना रजिस्ट्रेशन वाले कोचिंग संस्थान के संचालकों को अब नोटिस भी भेजा जाने लगा है। साथ ही साथ शिक्षा विभाग द्वारा सूची तैयार की जा रही है। सीवान जिला में छठी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के एकेडमी कोचिंग सेंटर के अलावा सरकारी नौकरी की तैयारी कराने वाले सैकड़ों कोचिंग संस्थान हैं। जिनसे एसएससी, बैंक, बीपीएससी, यूपीएससी सहित विभिन्न तैयारियां कराई जाती है।

### कोचिंग संचालकों की सूची तैयार करने का आदेश

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को ऐसे कोचिंग संचालकों की सूची तैयार करने के लिए निर्देश दिया गया है। जिन्होंने रजिस्ट्रेशन नही कराया है, सभी के ऊपर कार्रवाई होगी।



### बिहार में फिर टला रेल हादसा, गया-कोडरमा रूट पर दो भागों में बंट गई मालगाड़ी. टूट गई कपलिंग

**पटना, एजेंसी।** बिहार में शनिवार को फिर एक बड़ा रेल हादसा टल गया। राज्य के गया कोडरमा रेलखंड पर शनिवार को एक मालगाड़ी टूट कर दो भागों में बट गई। हालांकि ड्राइवर की सूझबूझ से कोई हानि नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक बोगी को जोड़ने वाली कपलिंग टूटने से मालगाड़ी के दो टुकड़े हो गए। रेलवे के अधिकारी और कर्मी मौके पर पहुंच गए हैं और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बिहार में चालक और गार्ड की सूझबूझ से यह रेल हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक दुर्घटनाग्रस्त मालगाड़ी कोडरमा से गया की ओर जा रही थी। गया-कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह नौ बजे के आसपास यह हादसा हुआ।

## परिश्रमिक नहीं मिलने पर आशा कार्यकर्ताओं का हंगामा

**छपरा, एजेंसी।** पैनल की खबरें तरैया। तरैया रेफरल अस्पताल में पोलियो के प्रशिक्षण शुरू होने के पहले परिश्रमिक राशि कई महीनों से नहीं मिलने को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को हंगामा किया। उनका कहना था कि सभी कार्यक्रम में हम लोग काम करते हैं लेकिन काम के बदले राशि नहीं मिल रही है। आशा कार्यकर्ताओं में चिंता देवी, ज्ञांति देवी,पासपति देवी, किरण देवी,सरस्वती देवी थीं। बीसीएम धनंजय सिंह ने उक्त आशा कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं लंबित राशि भुगतान करने का आश्वासन दिया। निर्माणाधीन कचरा भवन की दीवार तोड़ी,केस दरियापुर। प्रखंड की सुतिहार पंचायत के जुम्मन टोला वार्ड नं. 17 में कचरा प्रसंस्करण इकाई के तहत बनाये जा रहे भवन की दीवार को कुछ लोगों ने तोड़ दिया। साथ ही निर्माण के लिए रखे गए हजारों का सरिया, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, हैंडपंप आदि भी लेकर चले गए। इस संबंध में पंचायत सेवक सुबोध कुमार ने उसी गांव के तीन लोगों को नामजद करते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में उन्होंने कहा है कि जिस जमीन पर कचरा भवन बनाया जा रहा है वह अंचलाधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया है लेकिन आरोपी बार-बार अपनी जमीन बता कर पहले निर्माण कार्य रोक देते थे। आठ फीट ऊंची उठाई गई दीवार तोड़ दी गई। एफआईआर में इमाम हसन अंसारी, इमरान अंसारी व इब्रान अंसारी को आरोपित किया गया है। मारपीट में सात लोग घायल ,एक रेफर तरैया। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट में सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों में नेवारी की उर्मिला देवी, रामपुर महेश के आदित्य शर्मा का रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर छपरा सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घायल रामपुर की ममता देवी, किसुनपुरा के जितेन्द्र राय, देवरिया लाल बाबू राय,एवम भटगाई के बुबंती देवी ,काजल कुमारी शामिल हैं । सभी का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। फर्जी लैब व नर्सिंग होम की छापेमारी को लेकर टीम का गठन तरैया। तरैया के गैर लाइसेंसी नर्सिंग होम व लैब में छापेमारी करने के लिए छापेमारी दल का गठन किया गया। अस्पताल प्रभारी डॉ आलोक बिहारी शरण ने बताया कि उक्त दल में चिकित्सक के अलावा तरैया प्रखंड विकास पदाधिकारी व थानाध्यक्ष रहेंगे। तरैया में पहले दस फर्जी लैब थे। उसके बाद तरैया मोड़ से लेकर पोखरेरा बाजार तक तीन , तरैया बाजार से पचरौर रोड में एक व तरैया रामबाग में एक नया लैब फिर खुला है। बत्तीस फर्जी नर्सिंग होम हैं। जनसुराज की प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन तरैया। प्रखंड के तरैया रामबाग गांव स्थित जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं की शुक्रवार को एक बैठक हुई। प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। पूर्व मुखिया संजीव कुमार सिंह को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। नंदकिशोर राय उर्फ सुपन राय,राजबलम राम, बीडीसी प्रतिनिधि सानुल्लाह , पूर्व बीडीसी पुष्पा यादव,मनोज कुशवाहा, बृजकिशोर सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सचिव पद पर भोला खां को,प्रवक्ता के रूप पूर्व जिला पार्षद श्रीभगवान गुप्ता, रमन सिंह को चुना गया है। महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष संगीता देवी को चुना गया है। अनुमडल अध्यक्ष ने नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया।उक्त मौके पर पूर्व मुखिया किशोर सिंह बबुआ व आनंद मोहन सिंह गार्ड थे। पल्स पोलियो टीकाकरण को लेकर आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण तरैया। तरैया रेफरल अस्पताल में आगामी 22 सितंबर से होने वाले पल्स पोलियो उन्मूलन टीकाकरण अभियान को लेकर आशा कार्यकर्ताओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अस्पताल प्रभारी डॉ आलोक बिहारी शरण ने जीरो से लेकर पांच वर्षो तक बच्चों का पोलियो की ड्रॉप पिलाने की विधि बताई। करंट लगने से युवती झुलसी ,अस्पताल में भर्ती तरैया। थाना क्षेत्र के लऊवा गांव में कपड़ा पर आयरन करने के क्रम में करंट लगने से एक युवती झुलस गई। उक्त पीड़िता रीया कुमारी का उपचार रेफरल अस्पताल में चल रहा है।

## खेसारी लाल की बड़ी मुश्किलें, 18 लाख के चेक बाउंस मामले में आरोप गठित, कोर्ट में हुए हाजिर

**छपरा, एजेंसी।** छपरा कोर्ट के एसीजेएम एकादश राकेश कुमार की अदालत में शुक्रवार को चेक बाउंस के मामले में आरोपित भोजपुरी फिल्म के अभिनेता और गायक शत्रुघ्न कुमार उर्फ खेसारी लाल यादव के खिलाफ आरोप का गठन हुआ। खेसारी लाल यादव कोर्ट में अधिवक्ता वीरेश कुमार चौबे के साथ उपस्थित हुए। मालूम हो कि रसूलपुर थाना क्षेत्र के असहनी निवासी मृत्युंजय नाथ पांडेय ने रसूलपुर थाने में 16 अगस्त 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया था कि उसने अपनी जमीन बेचने के लिए रसूलपुर थाना क्षेत्र के धानाडीह निवासी भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल की पत्नी चंदा देवी से 22 लाख 7 हजार रुपये में



बात की थी। जमीन की रजिस्ट्री 4 जून 2019 को एकमा रजिस्ट्री कार्यालय में हुई थी। उस वक्त खेसारी लाल ने 18 लाख का चेक दिया था। चेक को उन्होंने 20 जून 2019 को अपने खाता में जमा कर दिया जो 24 जून को वापस आ गया। दोबारा उन्होंने उसे 27 जून को जमा किया तो बैंक ने 28 जून को चेक बाउंस होने की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने धारा 406 व 138 एनआईएक्ट के तहत मामला दर्ज किया। न्यायालय ने 22 जनवरी 2021 को खेसारी लाल के खिलाफ समन और 25 फरवरी 2021 को जमानती वारंट जारी किया था। वारंट जारी होने के बावजूद खेसारी लाल कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए तो गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। उसके बाद उन्होंने कोर्ट में हाजिर होकर जमानत लिया था।

### सफाई व्यवस्था को लेकर होटल एसोसिएशन ने नगर आयुक्त से की मुलाकात



**गया, एजेंसी।** नगर निगम कार्यालय में शुक्रवार को होटल एसोसिएशन के लोगों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। गया जी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष निशांत कुमार गुप्ता, सचिव अजय कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार गुप्ता सहित अन्य होटल संचालकों ने पहले नगर आयुक्त कुमार अनुराग को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद लोगों ने कहा कि स्टेशन रोड इलाके में लगभग 65 होटल हैं। वहां पितृपक्ष के दौरान या आये दिन भी बाहर से आने वाले हजारों लोग ठहरते हैं। ऐसे में इस इलाके की सड़कों की सफाई दो बार जरूर होनी चाहिए। कहा कि इस इलाके की नालियों की सफाई भी समय-समय पर हो जिससे कि लोगों को साफ-सफाई दिखे और वह एक अच्छा संदेश लेकर यहां से जाएं। लोगों ने कहा कि हमलोगों के होटल में निगम के सप्लाई का पानी से ही काम चलता है। ऐसे में इस इलाके में पानी की सप्लाई नियमित रूप से हो। खास कर मेले के दौरान कम से कम तीन बार पानी सप्लाई की जाए। इससे यहां ठहरने वाले यात्रियों को पानी की किल्लत ना हो। एसोसिएशन के लोगों की बातों को नगर आयुक्त ने गंभीरता से सुना और उन्हें साफ-सफाई बेहतर होगी इसके लिए आश्वस्त किया। इस दौरान उपेन्द्र कुमार, अमित कुमार व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### बांका में करंट लगने से दो लोगों की मौत:पहले की कनेक्शन ठीक करने तो दूसरे की खेत में जाने के दौरान गई जान

**बांका, एजेंसी।** बांका में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना शंभूगंज और अमरपुर थाना क्षेत्र की है। इस हादसे में एक बच्चे और युवक की मौत हुई है। घटना शुक्रवार रात की है। पहली घटना शंभूगंज प्रखंड क्षेत्र के महिसौथा गांव की है जहां करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामविलास साह के बेटे बाबू साहब( 22 ) के रूप में हुई है ।

मृतक के बड़े भाई संतोष कुमार ने बताया कि बाबू साहब घर में बिजली कनक्शन के तार को दुरुस्त कर रहा था। इसी क्रम में युवक खुले तार के संपर्क में आ गया। जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ा। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया कि चार दिन पहले ही उसकी मां मौत हुई थी। मृतका की मां फूलो देवी गांव के मध्य विद्यालय में रसोईया का काम करती थी । मां की मौत की सूचना पर बाबू साहब गुजरात से घर आया था । घर में श्राद्ध कर्म की तैयारी चल रहा था। बताया कि करीब छह माह पहले



बाबू साहब की शादी मुंगेर जिले के अमैया गांव के लक्ष्मी कुमारी से हुई थी।

#### खेत में गिरे तार की चपेट में आया

दूसरी घटना अमरपुर थाना क्षेत्र में डुमरामा गांव वार्ड नंबर 4 निवासी रोहित दास का करीब 3 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार घर के बगल खेत में शौच करने के लिए गया था। जहां अचानक का खेत में बिजली तार की चपेट में आने से मासूम बच्चे की मौत हो गई। बच्चों को अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना अध्यक्ष ने बताया बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हुई है।

# डेंगू का हॉटस्पॉट बना पटना, अब तक 9 मौतें: 24 घंटे में 128 नए केस

### राजधानी में एक दिन में मिले सबसे ज्यादा 59 मरीज

**पटना, एजेंसी।** बिहार में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में 128 नए मामले सामने आए हैं। जबकि शुक्रवार देर रात PMCH में एक मरीज की मौत हुई है। डेंगू से राज्य में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। राजधानी पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। यहां सबसे ज्यादा 59 केस की पुष्टि हुई है। इस सीजन में अब तक पूरे प्रदेश में 1535 केस मिले हैं। जिसमें सबसे ज्यादा 710 केस राजधानी पटना में है।

### दिल्ली से चार सदस्यीय टीम पहुंची थी पटना

नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोलकी चार सदस्यीय टीम जांच के लिए पटना पहुंची थी। शुक्रवार को पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर, गुलजारबाग, पटना साहिब स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। टीम को करबिगहिया साइड में बने फव्वारा के पास लार्वा मिला। इसके अलावा राजेंद्रनगर स्टेशन पर भी लार्वा मिला है। नगर निगम की फॉगिंग एवं लार्वीसाइडल टीम भी जांच दल के साथ मौजूद थी। जहां-जहां लार्वा मिला है, उन जगहों पर तत्काल फॉगिंग की गई है।

### हॉस्पिटल में 30 बेड सुरक्षित रखने का निर्देश

डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। विभाग की ओर से सभी अस्पतालों में 30-30 बेड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक जिला अस्पताल में 5 बेड, पीएचसी और सीएचसी में दो-दो बेड डेंगू मरीजों के लिए सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं।



### डेंगू से अब तक 9 लोगों की मौत

पीएमसीएच में इलाज के दौरान जमुई के रहने वाले राहुल चौधरी( 33 ) की मौत हुई है। शुक्रवार देर रात इंटरनल ब्लीडिंग के कारण दम तोड़ दिया। इससे पहले भागलपुर की रहने वाली खुशबू कुमारी ( 17 ) डेंगू से संक्रमित हुई थी। 6 सितंबर को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था। प्लेटलेट्स तेजी से डाउन हुआ और इलाज के दौरान 7 सितंबर को मौत हो गई। पटना के रहने वाला संजीत कुमार ( 17 ) की भी मौत पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती होने के एक दिन के बाद ही हो गई थी। इंटरनल ब्लीडिंग के कारण 7 सितंबर को उन्होंने दम तोड़ दिया।

समस्तीपुर के हेल्थ वर्कर राम लक्ष्मण दास को भी 7 दिन पहले डेंगू का संक्रमण हुआ था। 5 दिन में ही वह इतना कमजोर हो गए कि बेहोश हो गए। इलाज के लिए घर वाले बेगूसराय ले गए, लेकिन हालत बिगड़ती गई, डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। जिसके बाद पटना के मेदांता में भर्ती कराया गया। इंटरनल ब्लीडिंग के कारण जान चली गई।

इसी तरह गर्दनीबाग की पूनम सिन्हा ( 57 ) डेंगू से संक्रमित हुई थी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद 31 अगस्त को पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हालत ऐसी हो गई कि उन्हें इमरजेंसी के आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। प्लेटलेट्स तेजी से डाउन हुआ और इलाज के दौरान जान चली गई।

31 अगस्त को पीएमसीएच में डेंगू पीड़ित 40 साल के युवक अशोक गिरी की मौत भी इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई है। जहानाबाद के रहने वाले अशोक गिरी पीएमसीएच में 25 अगस्त को एडमिट हुए थे। 5 ही दिन में मौत हो गई।

29 अगस्त को एनएमसीएच में 16 साल के आर्यन की मौत भी डेंगू के संक्रमण से हुए इंटरनल ब्लीडिंग से हुई थी। 26 अगस्त की रात नौबतपुर के आर्यन को एनएमसीएच में भर्ती कराया गया था। प्लेटलेट्स लगातार कम होने से हालत बिगड़ गई थी। उन्हें पहले से ही पीलिया था। सिर्फ 4 ही दिन में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 54 मुकदमों का निपटारा हुआ, पटना हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

**पटना।** पटना हाई कोर्ट में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अदालत की अवमानना, रिट याचिका और मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित 54 मुकदमों का निपटारा किया गया। हाई कोर्ट की 4 सदस्यीय पीठ (बेंच) ने राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई की। इसमें राष्ट्रीय लोक अदालत में आयोजित किये जाने के पूर्व (प्री-सिटिंग) के मुकदमें भी शामिल है, जोकि लोक अदालत का ही भाग होता है। मोटर वाहन कानून से जुड़े हुए मुकदमें में 2,86,48,667/- रुपए का भुगतान आपसी समझौते के तहत किया गया। मोटर वाहन कानून के तहत 36 मुकदमों पर सुनवाई हुई। वहीं, सर्विस से जुड़े 2 मुकदमों का निपटारा किया गया।

### पटना में 15 लोगों से करोड़ों की ठगी

**पटना।** पटना में एक दिन में साइबर फ्रॉड से जुड़े 15 मामले सामने आए हैं। अलग-अलग लोगों से करीब 1 करोड़ ठगी हुई है। सबसे ज्यादा शेयर मार्केट में पैसा लगाने के नाम पर ठगी हुई है। इसके अलावा शातिरों ने बिजली बिल, क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर भी लोगों को शिकार बनाया। पीड़ितों में डॉक्टर, सचिवालय के प्रशाखा पदाधिकारी और कारोबारी भी शामिल हैं। साइबर पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मोकामा के रहने वाले बंटी कुमार को शातिरों ने पहले व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा। उस ग्रुप में कई राज्यों के लोग जुड़े हुए थे। पीड़ित ने बताया कि शातिरों ने शेयर मार्केट में कम निवेश में ज्यादा मुनाफे का झांझा दिया था। शुरुआत में अच्छा प्रॉफिट मिला। धीरे-धीरे 9.67 लाख रुपए का निवेश कर दिया। प्रॉफिट मांगने पर जालसाजों ने ग्रुप ही डिलेट कर दिया। जिसके बाद साइबर थाने में मामला दर्ज कराया। इसी तरह, पटना के परसा बाजार निवासी विशाल कुमार से साइबर ठगों ने 4 लाख की ठगी कर ली। शातिरों ने उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा था। कम लागत में ज्यादा प्रॉफिट के लालच में रुपए गंवा दिए। राजा बाजार के डॉ. आशीष से 11 लाख की ठगी हुई है। उन्हें कम लागत में पहले तो खूब प्रॉफिट दिखाया। जब पैसे निकालने की बारी आया तो नंबर ही ब्लॉक कर दिया। फुलवारी शरीफ के उमेश कुमार, कुर्जी के मिथिलेश कुमार से 1-1, रुपसपुर के प्रदीप कुमार से 90 हजार, बाइपास निवासी दिलीप से निवेश के नाम पर 11 लाख रुपए ठग लिए। ल्हिन बाजार के उद्देश्य सिंह ने बताया कि बिजली विभाग जेई बनकर एक शख्स ने फोन किया था। स्मार्ट मीटर के नाम पर फर्जी एप इंस्टॉल करवा दिया। फिर खाते से 20 हजार रुपए उड़ा लिए। खगौल के संदीप श्रीवास्तव की सास उषा श्रीवास्तव फिलहाल मुंबई में हैं। उनकी आंखों का ऑपरेशन हुआ है। शातिर ने ऊषा देवी को फोन करके खुद को बिजली विभाग का एसडीओ बताया। कहा कि आपका स्मार्ट मीटर अपडेट नहीं है। अपडेट नहीं करने पर जुर्माना लग जाएगा। इसके बाद एक लिंक पर 10 रुपए जमा करने को कहा। लिंक पर क्लिक करते ही खाते से 1.61 लाख रुपए कट गए। पटना के आलमगंज की रहने वाली पूजा कुमारी को भी शातिर ने बिजली मीटर अपडेट करने का झांसा देकर एप इंस्टॉल करवाया। फिर खाते से 18 हजार निकाल लिए। इसी तरह पाटलीपुत्र के अनंत कुमार के साथ बिजली बिल के नाम 1.70 लाख की ठगी हुई है। बिजली बिल के नाम पर रामकृष्ण नगर की किरण देवी के खाते से 1 लाख, जक्कनपुर के रहने वाले राजेश कुमार से 50 हजार, अशोक नगर के राजेश कुमार से 45 हजार निकाल लिए। सचिवालय में प्रशाखा पदाधिकारी प्रकाश कुमार से अपराधियों ने 37 हजार रुपए ठग लिए। साथ ही बोरिंग रोड के मनोज कुमार से 18 हजार की ठगी हुई है।

### सफेदपोश शराबबंदी को विफल करने में जुटे हैं

**पटना।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के शराबबंदी वाले बयान पर आरजेडी ने पलटवार किया है। एजाज अहमद ने कहा कि अब केंद्रीय मंत्री भी मान रहे हैं कि सफेदपोश शराबबंदी को विफल करने में जुटे हैं। राज्य सरकार की दोहरी नीति के कारण गरीब, शोषित, वंचित वर्ग के लोगों को तबाह किया जा रहा है। गरीब लोगों को जेल में डाला जा रहा है। उन्हें यह भी बता देना चाहिए कि कौन-कौन सफेदपोश इसमें शामिल हैं। बिहार में शराबबंदी पूरी तरह से फेल हैं। इसके लिए कहीं न कहीं डबल इंजन की सरकार जिम्मेदार है। एजाज अहमद ने कहा कि मांझी और रत्नेश सदा इस मामले में




राजनीति कर रहे हैं। गरीबों, शोषितों कि बात करके भ्रम फैलाया जा रहा है। सच्चाई तो यह है कि सरकार के स्तर से ही गरीबों को तंग किया जा रहा है। सफेदपोशों को संरक्षण दिया जा रहा है। बिहार में शराब की होम डिलीवरी हो रही है। शराब माफियाओं को किन-किन नेताओं का संरक्षण मिला हुआ है। उसको उजागर करने का काम करें। दरअसल, पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा था कि शराब पीने पर गरीबों को पकड़ा जाता है। गरीब लोग पावभर (250 ग्राम) भी सेवन कर लिए तो ब्रेथ एनलाइजर लगाकर उन्हें जेल भेजा जाता है। दूसरी तरफ लाखों लीटर शराब की तस्करी करने वालों को छोड़ा जा रहा है। हम सब सफेदपोश जब रात में शराब पीते हैं तो हमें नहीं पकड़ा जाता है। ऐसा नहीं होना चाहिए।

### बेगूसराय-मधुबनी समेत 7 जिलों में तेज बारिश

**पटना।** बिहार के कई जिलों में सुबह से ही बारिश हो रही है। बेगूसराय में तेज बारिश के बाद कई इलाके जलमग्न हो गए। यहां तेज बारिश के बाद कलेक्ट्रेट, विकास भवन, जिला परिषद, WHO कार्यालय एवं सदर अस्पताल के बाहर पानी जमा हो गया। इसके अलावा मधुबनी, नालंदा, मुंगेर, जमुई और समस्तीपुर में शनिवार की सुबह बारिश हुई। पटना में सुबह से बादल छाए हुए है। यहां लगातार बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने पटना समेत 24 जिलों में बारिश आर वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 16 सितंबर तक राज्य में मानसून सक्रिय रहेगा। इसके बाद यह कमजोर होने लगेगा। 21 सितंबर से मानसून की विदाई हो जाएगी। मौसम विभाग ने बिहार में मानसून की विदाई से पहले जोरदार बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने राज्य में आज से अगले चार दिनों तक मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। इस दौरान कई जिलों में मूसलाधार बारिश होगी। साथ ही कई जिलों में बादल छाए रहेंगे और तापमान में भी कमी का अनुमान है। खासकर दक्षिण बिहार में इसका असर सबसे ज्यादा देखने को मिल सकता है। बिहार में अब तक 28 प्रतिशत कम बारिश देखने को मिली है। 13 सितंबर तक 875.4 मिमी होनी चाहिए थी, लेकिन सिर्फ 627.4 मिमी ही बारिश ही हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई 19 से 25 सितंबर के बीच होने लगती है। जबकि 15 अक्टूबर तक पूरे देश से मानसून की विदाई हो जाती है। पिछले 24 घंटे के दौरान सुपौल सबसे गर्म जिला रहा। जहां का अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। दूसरी ओर पिछले 48 घंटे के दौरान बिहार में वज्रपात से 4 लोगों की मौत हुई है। बगहा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। जबकि मुजफ्फरपुर में पिता-पुत्र की मौत हुई है। दोनों मवेशी का चारा लाने के लिए खेत ही ओर गए थे। इस बीच बारिश शुरू हो गई।

### संजीव के करीबियों के ठिकाने पर ED की छापेमारी, 87 लाख कैश, 2 किलो सोने के बिस्किट और गहने जब्त

**पटना।** ईडी ने वरीय आईएएस संजीव हंस के करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की। दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में संजीव के करीबियों के पांच ठिकानों पर छापा पड़ा। 87 लाख नकद, 13 किलो चांदी की सिल्लियां, 2 किलो सोने के बिस्किट और करीब डेढ़ करोड़ के गहने जब्त किए। ईडी की जांच में यह भी खुलासा हुआ कि संजीव के करीबियों का हवाला के जरिए भी लेनदेन होता था। छापेमारी में कई बैंक खाते भी मिले हैं। संजीव हंस पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज है। ससे पहले भी पटना, दिल्ली, पुणे, हरियाणा और पंजाब में संजीव और पूर्व राजद विधायक गुलाब यादव के ठिकानों पर छापेमारी हुई थी। संजीव के ठिकानों से डेढ़ करोड़ की दो महंगी घड़ियां और सोने के गहने जब्त किए थे। ये छापे 16, 19 और 31 जुलाई 2022 तथा 23 अगस्त 2023 को पड़े थे। ईडी ने पहले ही बिहार की विशेष निगरानी इकाई और डीजीपी को संजीव और गुलाब के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में सबूत सौंपे हैं। ईडी इनके करीबियों पर भी डीए का केस दर्ज करने को कह सकती है।

# ट्रक ने कार में मारी टक्कर, 6 जख्मी, सभी एक ही परिवार से

**एजेंसी, पटना।**

पटना जिले के बाढ़ में एनएच 31 पर ट्रक और मारुति सुजुकी में टक्कर हो गई। शनिवार की दोपहर सहनौरा गांव के पास हादसा हुआ है। कार में सवार पशुपालन विभाग के डॉक्टर समेत दो महिला, दो पुरुष और दो बच्चे जख्मी हुए हैं। मामला एनटीपीसी थाना इलाके का है।

**एक ही परिवार से सभी लोग थे:** घटना की सूचना मिलते ही एनटीपीसी थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल बाढ़ भेज दिया गया है। कार में सवार सभी लोग एक ही परिवार से थे। जख्मी रायचंद्र पासवान पशुपालन विभाग में डॉक्टर हैं। अवर प्रमंडल पशुपालन अस्पताल दानापुर में पोस्टिंग है।

**पटना से बेगूसराय जा रहे थे**



**श्राद्ध कर्म में जा रहे थे लोगः** सभी लोग पटना से बेगूसराय श्राद्ध कर्म में जा रहे थे। रायचंद्र पासवान इससे पहले बाढ़ अनुमंडलीय पशुपालन अस्पताल में भी कार्यरत थे। घटना की जानकारी मिलते ही बाढ़ पशुपालन पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार भी मौके पर पहुंचे। अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ से घायलों को पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रक और मारुति सुजुकी में टक्कर हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेजा गया है। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। ट्रक को जब्त किया गया है।

## बिहटा में बालू के अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी

**एजेंसी, पटना।**

पटना के बिहटा इलाके में बालू के अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसमें 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बालू लोडेड ट्रक के अलावा कई नाव को भी जब्त किया गया है।दानापुर डीएसपी टू पंकज मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी हुई है।

**अवैध खनन को लेकर सूचना मिली थीः** इस संबंध में दानापुर डीएसपी टू पंकज मिश्रा ने बताया कि बिहटा पुलिस को अवैध खनन को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद और पथलौटीया सोन नदी के बकास क्षेत्र में अवैध बालू का खनन किया जा रहा है। इसके बाद टीम का गठन किया गया था। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी की थी।

**आरोपियों में कई नाव के मालिक भीः** डीएसपी टू के मुताबिक गिरफ्तार लोगों में से कई नाव के मालिक भी हैं। सभी आरोपी बिहार के



♦ **पुलिस ने 19 लोगों को गिरफ्तार किया, कई नाव भी जब्त**

अलग-अलग जिलों से हैं। हालांकि, छापेमारी के दौरान घटनास्थल से कोई भी हथियार बरामद नहीं हुआ है। इसके अलावा बिहटा के नेउरा थाना की पुलिस ने भी बालू ओवरलोड मामले में तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद और पथलौटिया बालू घाट पर अक्सर फायरिंग होती है। कई लोगों की हत्या भी अब तक हो चुकी है।

## प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**एजेंसी, पटना।**

फुलवारी शरीफ में प्रॉपर्टी डीलर सुदर्शन वर्मा(45) की हत्या के विरोध में शुक्रवार देर रात स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी मिलते ही पूर्णिया से निर्दलीय सांसद मौके पर पहुंचे। उन्होंने राज्य सरकार जमकर हमला बोला।

**अपराधियों का मनोबल बढ़ गया हैः** पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। पुलिस का डर खत्म हो गया है। सरकार उनके यहां जाकर गणेश परिक्रमा कर रही है। सरकार अपराधियों के आगे झुकती है। इससे उनलोगों का मनोबल बढ़ गया है। बिहार में आए दिन हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार की घटनाएं हो रही है। जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए।

**अपराधियों ने 5 गोली मारीः** बता दें, शुक्रवार को AIIMS के पास अपराधियों ने दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर को गोलियों से भून दिया। प्रॉपर्टी डीलर को 5 गोली मारी गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार 3 अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। वारदात के बाद तीनों अपराधी मौके से फरार हो गए। घटनास्थल से 4 खोखे बरामद हुए हैं। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। सुदर्शन वर्मा पर बिहटा थाने में हत्या का केस दर्ज है। एक बार जेल भी जा चुका है। प्रॉपर्टी के काम से ही एम्स के पास अपनी कार से पहुंचा था। इस बीच बाइक सवार तीन अपराधियों ने उसे गोली मार दी।



♦ **पप्पू यादव बोले- पुलिस का डर खत्म हो गया है**

## काइरो प्रैक्टर डॉक्टर रजनीश कांत ने लगाया शिविर मोबाइल की वजह से सर्वाइकल की बीमारी

**एजेंसी, पटना।**

मशहूर काइरो प्रैक्टर डॉक्टर रजनीश कांत ने शनिवार को पटना में शिविर लगाकर लोगों का मुफ्त में इलाज किया। इसमें सबसे ज्यादा सर्वाइकल दर्द से पीड़ित लोग पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल तेजी से बढ़ रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह मोबाइल है। ज्यादा समय तक मोबाइल इस्तेमाल करने के दौरान गर्दन को झुका कर रखते हैं। इससे गर्दन पर प्रेशर आता है। इस वजह से हाथों में झनझनाहट, चक्कर आना, सिर में दर्द होने लगता है। इसका भी इलाज फिजियोथेरेपी और काइरो प्रैक्टर के जरिए संभव है।

**मशहूर लोगों ने भी कराया है ट्रीटमेंटः** डॉक्टर रजनीश कांत ने बताया कि राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव, मंत्री अशोक चौधरी, आईएएस प्रत्यय अमृत, दीपक कुमार, कुमार रवि ने भी इसके जरिए अपना ट्रीटमेंट कराया है। अभी भी मशहूर लोग यहां इलाज कराने आते हैं। ट्रीटमेंट के दौरान तीन सेशन चलाया जाता है। एक दिन में एक सेशन होता है।

**किस तरह का होता है इलाजः** काइरो प्रैक्टर के जरिए बैक पेन, जॉइंट्स पेन, स्पोर्ट्स इंजरी, नेक पेन, हेडचे, स्कोलियोसिस, डिस्क इंजरी, शोल्डर पेन, पिचिंग नर्व, का इलाज किया जाता है। एक सेशन का खर्च दस हजार आता है।



♦ **लालू-तेजस्वी समेत कई IAS का भी करा चुके हैं इलाज**

**क्या है काइरो प्रैक्टरः** काइरो प्रैक्टिक बिना मेडिसिन का ट्रीटमेंट है। गलत बैठने, सोने से नशों में जो खिंचाव आ जाता है। जगह से हड्डी इधर-उधर हो जाती है। जॉइंट्स खिसक जाते हैं। इससे बॉडी में दर्द महसूस होता है। संबंधित पार्ट्स में दर्द रहता है। उस खिंचाव या इधर-उधर गई हड्डी को हाथों से सही जगह पर लाया जाता है।

## पटना में सड़क हादसे में महिला की गई जान

**एजेंसी, पटना।**

पटना के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के एयरपोर्ट रोड पर सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। शनिवार की शाम टाटा नेक्सॉन गाड़ी ने चिंता देवी को कुचल दिया। जख्मी हालत में महिला को पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उन्होंने दम तोड़ दिया। टाटा नेक्सान गाड़ी का नंबर BR01HT2453 है। महिला राजा बाजार के शिव मंदिर गली की रहने वाली थी। मृतक के बेटे पिंटू ने बताया कि मां सड़क किनारे खड़ी थी। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रही टाटा नेक्सान ने टक्कर मार दी। गाड़ी में दो लोग सवार थे।

**एक युवक पकड़ा गयाः** कार में सवार एक युवक पकड़ा गया है। जबकि, दूसरा मौके पर से भाग गया। एयरपोर्ट थाने के एसएचओ विनोद पीटर ने बताया कि ड्राइवर फरार हो गया है। गाड़ी जब्त कर ली गई है। कार के मालिक भी ट्रैफिक थाने गए हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि चिंता देवी ठेले पर दुकान लगाती थी।



**तेज रफ्तार से आ रही टाटा नेक्सान ने कुचला, कार में 2 लोग सवार थे**

## पटना सिटी में अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**एजेंसी, पटना।**

पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में पैसों के विवाद में अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल से एक खोखा बरामद हुआ है। घटना बजरंगपुरी मोहल्ले की है।

**अपराधियों के पहचान का दावाः** मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। घायल युवक की पहचान पल्लवी नगर निवासी मुकेश कुमार के तौर पर हुई है। मुकेश ने अपराधियों के पहचान का दावा किया है।

**बेहतर इलाज के लिए PMCH रेफरः** परिजनों के मुताबिक 2 अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। सबसे पहले घायल को नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से बेहतर उपचार के लिए डॉक्टरों ने PMCH रेफर कर दिया है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी शरद आरएस ने घटना की पुष्टि की है। अपराधियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




**पैसों के लेनदेन को लेकर चलाई गोली, 1 खोखा बरामद, इलाज के लिए PMCH में भर्ती**

## हमारी सरकार बनी तो मिथिलांचल डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाएंगे

**एजेंसी, पटना।**

बिहार विधानसभा चुनाव में अभी एक साल का समय बचा है। इस बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अभी से ही अपने चुनावी वादों से वोटरों को साधने में लगे हैं। तीन दिन पहले उन्होंने सरकार बनने पर 200 यूनिट बिजली फ्री करने का वादा किया था। अब उन्होंने सरकार बनने पर 'मिथिलांचल डेवलपमेंट अथॉरिटी' बनाने का वादा किया है। दरअसल, तेजस्वी इन दिनों कार्यकर्ता संवाद यात्रा पर हैं। समस्तीपुर, दरभंगा के बाद मधुबनी में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। तेजस्वी ने संवाद यात्रा के दौरान कहा, 'बिहार में 20 साल से NDA की डबल इंजन की सरकार है, फिर भी सत्ता के स्वार्थी इन लोगों ने मिथिला के लिए कोई विशेष कार्य नहीं किया। अगर हमारी सरकार बनी तो हम 'मिथिलांचल डेवलपमेंट अथॉरिटी (MDA)' बनाएंगे। यह अथॉरिटी मिथिलांचल के चहुमुखी विकास के लिए गेम चेंजर होगा।' वहीं, तेजस्वी के इस वादे पर बीजेपी ने उन पर निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने पलटवार करते हुए कहा कि जिसके माता-पिता ने बिहार को लूट की अथॉरिटी बना दिया था, वे आज बिहार के विकास की बात करते हैं। उन्होंने कहा तेजस्वी को पूरे बिहार में माफी यात्रा निकालनी चाहिए।

**तेजस्वी बोले- हमने 17 महीने में 4 ROB, सड़कें दीः** तेजस्वी ने कहा कि दरभंगा और मधुबनी के चार बार के सांसद ने इन दोनों जिलों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों जिलों में विधायक भी सबसे ज्यादा NDA के हैं, फिर भी दोनों जिले पिछड़े हैं। इस दौरान उन्होंने अपने 17 महीने के काम को भी गिनाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'हमने केवल 17 महीनों के कार्यकाल में यहां 4 ROB, और कई सड़कें दी। इसके अलावा AIIMS को DMCH से निकालकर शहर के बाहर शोभन बाइपास के पास लेकर गया। अन्य विकास कार्यों की भी स्वीकृति दी। दरभंगा एयरपोर्ट से इतना महंगा टिकट है कि इतने में दिल्ली से दुबई चले जाइएगा।' तेजस्वी यादव के बयान पर प्रदेश बीजेपी प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, 'इनके माता-पिता ने तो 'बिहार लूट ऑथोरिटी' बनाकर रखा था। जिसके CO कहीं इनके मामा, तो कहीं कोई और रिश्तेदार थे। इनको चंपा विश्वास, गौतम शिल्पी, सिंहानिया, मिथिला मोटर के परिजनों से माफी मांगनी चाहिए।'



**तेजस्वी का एक और चुनावी वादा, तीन दिन पहले कहा था- 200 यूनिट बिजली फ्री करेंगे**

**अलग राज्य बनाने की मांग पहले भी होती रही हैः** बता दें, मिथिलांचल अलग राज्य की मांग हमेशा से उठती रही है। कई बार इसको लेकर आंदोलन भी हुए हैं। पटना में मिथिला स्टूडेंट यूनियन ने आंदोलन भी किया था। 1912 में बंगाल-बिहार अलग हुआ, उस समय मिथिलांचल को अलग राज्य बनाने की मांग उठी थी। वर्ष 2003 में तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने मैथिली को 8वीं अनुसूची में शामिल किया था। यहां पलायन भी खूब है। उत्तर-पूर्वी बिहार से लेकर सीमांचल और झारखंड के कुछ जिलों को शामिल कर मिथिलांचल राज्य बनाने की मांग होती रही है। इसमें बिहार के पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सहरसा शामिल हैं। देश के बड़े नेता ललित नारायण मिश्रा, कर्पूरी ठाकुर, सूरज नारायण सिंह, बीपी मंडल, जगन्नाथ मिश्रा मिथिलांचल के थे। आरजेडी के प्रवक्ता ऋषि मिश्रा कहते हैं कि ललित नारायण मिश्रा को तो जवाहरलाल नेहरू कोसी मिश्रा कहते थे।

# डेंगू का हॉटस्पॉट बना पटना, अब तक 9 मौतें

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में 128 नए मामले सामने आए हैं। जबकि शुक्रवार देर रात PMCH में एक मरीज की मौत हुई है। डेंगू से राज्य में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। राजधानी पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। यहां सबसे ज्यादा 59 केस की पुष्टि हुई है। इस सीजन में अब तक पूरे प्रदेश में 1535 केस मिले हैं। जिसमें सबसे ज्यादा 710 केस राजधानी पटना में है।

**दिल्ली से चार सदस्यीय टीम पहुंची थी पटनाः** नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल(NCVBDC) की चार सदस्यीय टीम जांच के लिए पटना पहुंची थी। शुक्रवार को पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर, गुलजारबाग, पटना साहिब स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। टीम को करबिगहिया साइड में बने फव्वारा के पास लार्वा मिला। इसके अलावा राजेंद्रनगर स्टेशन पर भी लार्वा मिला है। नगर निगम की फॉगिंग एवं लार्वीसाइडल टीम भी जांच दल के साथ मौजूद थी। जहां-जहां लार्वा मिला है, उन जगहों पर तत्काल फॉगिंग की गई है।

**हॉस्पिटल में 30 बेड सुरक्षित रखने का निर्देशः** डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। विभाग की ओर से सभी अस्पतालों में 30-30 बेड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक जिला अस्पताल में 5 बेड, पीएचसी और सीएचसी में दो-दो बेड डेंगू मरीजों के लिए सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं।

**डेंगू से अब तक 9 लोगों की मौतः** PMCH में इलाज के दौरान जमुई के रहने वाले राहुल चौधरी(33) की मौत हुई है। शुक्रवार देर रात इंटरनल ब्लीडिंग के कारण दम तोड़ दिया। इससे पहले भागलपुर की रहने वाली खुशबू कुमारी (17) डेंगू से संक्रमित हुई थी। 6 सितंबर को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था। प्लेटलेट्स तेजी से डाउन हुआ और इलाज के दौरान 7 सितंबर को मौत हो गई। पटना के रहने वाला संजीत कुमार (17) की भी मौत पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती होने के एक दिन के बाद ही हो गई थी। इंटरनल ब्लीडिंग के कारण 7 सितंबर को उन्होंने दम तोड़ दिया। समस्तीपुर के हेल्थ वर्कर राम लक्ष्मण दास को भी 7 दिन पहले डेंगू का संक्रमण हुआ था। 5 दिन में ही वह इतना कमजोर हो गए कि बेहोश हो गए। इलाज के लिए घर वाले बेगूसराय ले गए, लेकिन हालत बिगड़ती गई, डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। जिसके बाद पटना के मेदांता में भर्ती कराया गया। इंटरनल ब्लीडिंग के कारण जान चली गई। इसी तरह गर्दनीबाग की पूनम सिन्हा (57) डेंगू से संक्रमित हुई थी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद 31 अगस्त को पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हालत ऐसी हो गई कि उन्हें इमरजेंसी के आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। प्लेटलेट्स तेजी से डाउन हुआ और इलाज के दौरान जान चली गई। 31 अगस्त को पीएमसीएच में डेंगू पीड़ित 40 साल के युवक अशोक गिरी की मौत भी इंटरनल ब्लीडिंग के कारण हुई है। जहानाबाद के रहने वाले अशोक गिरी PMCH में 25 अगस्त को एडमिट हुए थे। 5 ही दिन में मौत हो गई। 29 अगस्त को NMCH में 16 साल के आर्यन की मौत भी डेंगू के संक्रमण से हुए इंटरनल ब्लीडिंग से हुई थी। 26 अगस्त की रात नौबतपुर के आर्यन को NMCH में भर्ती कराया गया था। प्लेटलेट्स लगातार कम होने से हालत बिगड़ गई थी। उन्हें पहले से ही पीलिया था। सिर्फ 4 ही दिन में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



**24 घंटे में 128 नए केस, राजधानी में एक दिन में मिले सबसे ज्यादा 59 मरीज**

संक्षिप्त समाचार

## मानपुर बकुलहिया से 5 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक गिरफ्तार

**चा० भूमि मैनाटांड**। मैनाटांड प्रखंड क्षेत्र के मानपुर पुलिस ने 5 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इधर पूछताछ में थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जयराम माझी पिता बंशी माझी ग्राम बकुलहिया थाना मानपुर को 5 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय को सुपुर्द किया गया हैं।

## हिन्दी पखवाड़े का एसएसबी ने किया शुभारंभ

**चाणक्य भूमि जयनगर**।सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी के द्वारा आज "हिन्दी दिवस" के शुभ अवसर पर एक विशेष हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। यह अभियान14/09/2024 से 29/09/2024 तक हिंदी भाषा के प्रचार- प्रसार और उसके महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में हिंदी निबंध प्रतियोगिता, काव्य पाठ सत्र, हिंदी व्याकरण कार्यशाला तथा राजभाषा नीति पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। 48वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी हरेन्द्र सिंह के द्वारा बताया गया कि "हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है और इसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। यह पखवाड़ा न केवल हमारे जवानों में हिंदी के प्रति प्रेम जगाएगा, बल्कि उनके दैनिक कार्यों में भी इसके उपयोग को प्रोत्साहित भी करेगा।" इस दौरान, वाहिनी के सभी कार्यालयों में अधिकतम कार्य हिंदी में करने का लक्ष्य रखा गया है, साथ ही जवानों को हिंदी में पत्राचार करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा। इस पहल से एसएसबी के राजभाषा कार्यान्वयन के प्रयासों का एक हिस्सा होगा, जिसका उद्देश्य संगठन में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देना है।

## विश्वकर्मा ने हीं की थी स्वर्गलोक की रचना

**मोतिहारी**। आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजनोत्सव 17 सितम्बर मंगलवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार बाबा विश्वकर्मा पूजा का विधान वैदिक काल से ही है तथा वास्तु विधान के प्रसंग में उनकी अर्चना सर्वदा से होती रही है। यह सर्व विदित है कि विश्वकर्मा ने ही सर्वप्रथम स्वर्गलोक की रचना की। बाद में लंका तथा द्वारिका आदि अनेक पुरियों का निर्माण देवलोक के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने ही किया। पुरूरवा के राज्य में जब बारह वर्षीय यज्ञ हुआ था तब वहाँ यज्ञशाला का निर्माण विश्वकर्मा ने ही किया था। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी।उन्होंने बताया कि सृष्टि के प्रारंभ में सर्वप्रथम भगवान विष्णु क्षीरसागर में शेष शय्या पर आविर्भूत हुए। उनके नाभि कमल से ब्रह्मा दृष्टिगोचर हुए। ब्रह्मा के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव हुए। धर्म की वसु नामक स्त्री से उत्पन्न अष्ट वसुओं में से वास्तु सातवें पुत्र थे जो शिल्पशास्त्र के आदि प्रवर्तक थे,उन्हीं के पुत्र विश्वकर्मा जी हुए। इनकी माता का नाम अंगीरसी था। सत्ययुग का स्वर्गलोक,त्रेता की लंका,द्वापर की द्वारिका तथा कलियुग का हस्तिनापुर आदि नगर विश्वकर्मा की ही रचना है। इससे यह प्रमाणित है कि धन-धान्य एवं सुख-समृद्धि चाहने वाले मनुष्यों को भगवान विश्वकर्मा का पूजन करना मंगलप्रद होता है।

## 22 सितम्बर से जिले में होगी पोलियो अभियान की शुरुआत



**मोतिहारी**। जिले में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत 22 सितम्बर से प्रारम्भ होना है उसकी सफलता को लेकर स्वास्थ्य विभाग की जिलास्तरीय टास्क फोर्स की बैठक राजेंद्र प्रसाद सभागार में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में हुआ। जिलाधिकारी ने बताया की महादलित टोले से पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने जिले के प्रभारी सीएस डॉ श्रवण कुमार पासवान एवं डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा से पल्स पोलियो अभियान से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी लीं।उन्होंने समीक्षा के दौरान निर्देश दिया की निर्धारित आयु वर्ग का कोई भी बच्चा इस अभियान में दवा से वँचित न ऱह पाए। इस दौरान किसी भी स्वास्थ्य कर्मी को छुट्टी नहीं दी जाएगी, वहीं कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बैनर, पोस्टर लगाकर प्रचार- प्रसार करने को कहा।प्रभारी सीएस डॉ श्रवण कुमार पासवान ने उपस्थित सभी चिकित्सा पदाधिकारीयों को कार्यक्रम प्रारम्भ होने के पूर्व सभी उपयोगी साधन जैसे वैक्सीन कैरियर, कोल्डबाक्स की सफाई व मरम्मत करा लेने को कहा, एवं व्यवस्था के सुदृढीकरण का निर्देश दिया। वहीं सीडीपीओ को निर्देश दिया की आँगनबाड़ी सेविका, सहायिका सभी उपस्थित रहेंगी, बिना प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के लिखित आदेश के किसी प्रकार की छुट्टी नहीं दी जानी चाहिए।उन्होंने प्रशिक्षण के साथ ही व्यवस्था की त्रुटीयों को दूर करने का निर्देश दिया।जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ शरत चंद्र शर्मा ने कहा की अभियान 22 सितम्बर से 28 सितम्बर तक चलेगा जिसमें जिसमे 25 सितम्बर को जिउतिया व्रत के कारण कार्य नहीं होगा जबकि पुनः 26, 27 को घर- घर भ्रमण होगा और 28 को बीटीम होगा।उन्होंने वैक्सीन की उपलब्धता कार्यक्षेत्र में वितरण, उसके उपयोग की जानकारी दी।यूनिसेफ़ के धर्मेन्द्र कुमार, एवं डब्लूएचओ के एसएमओ डॉ मनोज तुमराडा ने बताया कि इस बार के अभियान में 1871 घर- घर टीम, 303 ट्रांजिट टीम, 631 पर्यवेक्षक, के द्वारा कार्य किये जाने की योजना है। उन्होंने बताया की भारत-नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी के जवानों से भी सहयोग लिया जाएगा।इस दौरान बॉर्डर एरिया वाले क्षेत्र पर टीकाकरण को लेकर एलर्ट रखा जाएगा, नेपाल से आने वाले बच्चों पर विभाग की विशेष नजर रहेगी।वहीं डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने बताया की स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा जिले के कल्याणपुर प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर 15 सितंबर को टीकाकरण कार्यक्रम का उद्घाटन होना है इसलिए भी सभी को एलर्ट रहना है।मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ श्रवण कुमार पासवान, डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीसीएम नंदन झा, आईसीडीएस डीपीओ कविता कुमारी, जिला सुचना जनसंपर्क पदाधिकारी, डब्ल्यूएचओ एसएमओ, यूनिसेफ़, सिफार के जिलाप्रतिनिधि, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ व अन्य लोग उपस्थित थे।

## बिजधरी पुलिस ने अलग-अलग मामले में दो को किया गिरफ्तार

**केसरिया, पू.च**। बिजधरी पुलिस ने अलग अलग मामले मे दो लोगों को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत मे मोतिहारी भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी केसरिया थाना क्षेत्र के कढान निवासी जितेंद्र यादव बताया जाता है। इनपर पर शराब बेचने का आरोप है। पूर्व मे काण्ड संख्या 13/24 दर्ज है।वही बिजधरी थाना क्षेत्र के ताजपुर पटखौलिया निवासी रामाशंकर शर्मा बताया जाता है। शराब पी कर हंगामा करने का आरोप है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया की दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

# छात्र नेताओं ने तेजस्वी का किया स्वागत

चाणक्य भूमि मधुबनी



शुक्रवार को शहर के जिला अतिथि गृह में सूबे के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के जन संवाद यात्रा को लेकर आगमन हुआ। नेता के स्वागत को लेकर राजद युवा के राष्ट्रीय महासचिव सह छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष यादव के नेतृत्व में हजारों के संख्या में छात्र और नौजवानों ने अतिथि गृह पहुंचकर तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। जहां हजारों की संख्या के भीड़ से संतोष यादव जिंदावाद, तेज तेजस्वी यादव जिंदाबाद के नारे लग रहे थे। शाम करीब 7 बजे तेजस्वी यादव अतिथि गृह पहुंचे। नेता के उतरते ही सभी एक झलक पाने को बेताब दिख रहे थे। उसके बाद तेजस्वी यादव ने छत से अपने समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया।

अभिवादन कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए हुए छात्र और नौजवानों ने बताया की हम सभी छात्रों के मसीहा संतोष यादव के नेतृत्व में अपने नेता तेजस्वी यादव का स्वागत करने आए है। युवाओं ने कहा संतोष यादव पार्टी के सच्चे सिपाही है, जो हमेशा छात्र और नौजवान के समस्याओं और जनहित को लेकर कार्य करते आ रहे है और ऐसे नेता को सदन में जाना अति आवश्यक है।कार्यक्रम में उपस्थित कलुआही उप प्रमुख चंदन प्रकाश यादव ने बताया कि संतोष यादव मात्र एक ऐसा नेता है, जिनका पकड़ जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों और वार्ड स्तर पर है। जिले के अधिकतर अंगीभुत कॉलेजों में छात्र संघर्ष समिति समर्थित छात्र छात्राएं जीत दर्ज कर अपनी दबदबा कायम किए हुए है। इस मौके पर राहुल पासवान, मणि शंकर यादव, राजीव कुमार सिंह, मुलायम सिंह, दयानंद शाह संजीव यादव, रंजीत यादव, कमलेश सिंह, मोहम्मद इकबाल, बादशाह खान, मोहम्मद मुजम्मिल, दीपक कुमार, बिपिन यादव, शिव शंकर ठाकुर, ब्रजनंदन यादव, मिथिलेश यादव, अविनाश यादव, प्रतीक यादव, विश्वनाथ यादव सहित हजारों छात्र नौजवान और युवाओं ने भाग लिया।

# अपराधियों ने कार सवार को मारी गोली, कार सवार जख्मी



चा० भूमि देवधा

जयनगर अनुमंडल के देवधा ग्राम, गाढ़ा चौक पर कल शाम एक मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात अपराधियों ने एक मारुति कार सवार को लूटते हुए गोली मारकर जख्मी कर दिया गया। जख्मी व्यक्ति का नाम रामभजन पासवान, पिता स्व. योगेन्द्र पासवान, घर इनरवा, कचहरी टोल, थाना देवधा, जिला मधुबनी का निवासी बताया जा रहा है। आगे की जानकारी देवधा थाना अध्यक्ष प्रीति भर्ती ने बताया कि, उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

आगे बताते चलें कि इस घटना के संलिप्त दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसकी पहचान भास्कर कुमार सिंह बेतोन्हा थाना जयनगर निवासी के रूप मे हुई है जबकि दूसरा अपराधी का नाम चंदन कुमार उर्फ चंदन कुमार यादव पिता बिशेस्वर यादव घर - बेला जयनगर है। अपराधियों से लूटे गये समान के साथ ही एक पिस्टल, चार जिंदा गोली, फायर किया गया दो खोका बरामद किया गया है। लूटी गई मारुति सुजुकी कार के साथ ही घटना को अंजाम देने में उपयोग किया गया लाल रंग का मोटरसाइकल को जब्त कर लिया गया है।

# हरेक कामकाज में हिंदी को बनायें माध्यम :बीडीओ

चा० भूमि मैनाटांड़



हिंदी भाषा राष्ट्रीय पहचान और एकता की मजबूत कड़ी के रुप में लगातार विशेष भूमिका निभाती आ रही है। और उसे हम सब को आगे बढ़ाते रहना है। यह कहना है बीडीओ दीपक राम का। वे अपने चेंबर कक्ष में एक हिंदी दिवस के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर अधिकारियों व कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार हिंदी भाषी राज्य है और यहां 1950 से ही राजभाषा अधिनियम लागू है। राजभाषा के रूप में हिंदी सरकारी कामकाज की भाषा है। हम सभी प्रयास करें कि कोई भी काम हिंदी के माध्यम से ही करें। सरकार का भी पूरा प्रयास है कि शासन के सभी स्तरों पर हिंदी का शत-प्रतिशत प्रयोग किया जायेह हिंदी एक ऐसी भाषा है जो सबको आपस में जोड़ती है।

उन्होंने कहा कि 14 सितंबर 1949 को भारत के संविधान सभा ने हिंदी भाषा को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसलिए प्रत्येक वर्ष हम 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रुप में मनाते हैं। बीडीओ ने हिंदी दिवस की वर्षगांठ पर सभी कर्मियों को हिंदी में काम करने की शपथ भी दिलाई और उसे लोगों के बीच में जाकर जागरूक करने पर भी बल दिया। मौके पर सीओ आशीष आनंद,बीसी संगम पंचायत सचिव श्रीनाथ पांडे ,रोहित कुमार, बसंत राम, उपेंद्र कुमार, रोहित कुमार, वीरेंद्र पांडे, अजय कुमार मांझी ,उमेश कुमार, राजीव कुमार ,रामलाल पटेल आदि मौजूद रहें।

# पीएचसी में ऑनलाइन पर्ची के लिए भटक रहे मरीज

चा० भूमि कलुआही/मधुबनी



» एन्ड्रायड मोबाइल बनी समस्या
» स्वास्थ्य विभाग के नए नियम से कलुआही पीएचसी में मरीजों को हो रही है परेशानी, अस्पताल प्रशासन है, बेपरवाह

स्वास्थ्य विभाग ने आउटडोर पर्ची ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करते ही कलुआही पीएचसी में मरीजों को परेशानी का सबब झेलना पड़ रहा है। दरअसल विभाग के द्वारा नई व्यवस्था लागू की गई है जिसमें मरीजों को खुद के स्मार्ट फोन से आभा एप्लिकेशन डाउनलोड कर, उसके अनुसार मांगी गई जानकारी को साझा कर खुद से पंजीयन करना है। उसके बाद काउंटर से पर्ची लेकर डॉक्टर से परामर्श के लिए अपॉइंटमेंट लिया जाएगा। हालांकि इसके बारे में अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। तो दूसरी तरफ अस्पताल विभाग के द्वारा मरीजों की सुविधा के लिए यह कदम उठाया गया है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आगे बता दें कि कलुआही पीएचसी में ईलाज कराने पहुंची हरिपुर मालटोल निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग इंद्रकाला देवी ने बताया कि वो करीब तीन घंटो से आउटडोर पर्ची के लिए काउंटर का चक्कर लगा रही है। लेकिन मोबाइल फोन नही होने के कारण उक्त कर्मी के द्वारा पर्ची काटकर नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण कड़ी धूप में इधर से उधर भटकने को मजबूर है। लेकिन कर्मी सुनने को तैयार नहीं, हालांकि किसी ने अपने फोन से रजिस्ट्रेशन कर पर्ची दिलाने में मदद किया गया।

अब सवाल यह उठता है कि विभाग के नए व्यवस्था के आड़ में पीएचसी के कर्मचारी मनमानी पर उतर गए है। जिसके कारण उक्त महिला बुजुर्ग को कोई भी अस्पताल कर्मचारी मदद नही कर सके। आखिर इस ऑनलाइन सुविधा से होने वाली व्यवस्था पर, इसका जिम्मेदार कौन होगा? आखिर ग्रामीण क्षेत्रों के कम पढ़े लिखे गरीब तबके के लोग कहा-कहा भटकेंगे। आगे पता करने पर इस संबंध में पीएचसी प्रभारी से पक्ष हेतु संपर्क किया, लेकिन बात नहीं हो पाई।

# मुखिया प्रतिनिधि सुमन सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

चा० भूमि वाल्मीकिनगर

» सड़क पर ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है

कोतराहा गांव निवासी विनोद राम पिता रामअवतार राम ने थाने में आवेदन देकर मुखिया प्रतिनिधि सुमन सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदक ने अपने आवेदन में कहा है कि वह एक महादलित गरीब व्यक्ति है। जो अपना जिविका चलाने के लिए ठेला पर गांव-गांव सब्जी घुमाकर बेचता है ।जिससे उसके परिवार की जीविका चलती है। विगत 12 सितंबर को वह अपने घर से सब्जी बेचते कई गांव होते हुए रामपुरवा पहुंचा। उसी समय भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक पंचायती राज अध्यक्ष एवम् ग्राम लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के वर्तमान मुखिया का पुत्र सुमन कुमार सिंह अपने दल बल के साथ अपने चार चक्का गाड़ी से कुछ लोगों के साथ आए गाड़ी रोककर मुस्ताक मियां के घर के पास मुझे जाति सूचक गाली देने लगे। बोले कि तुम महादलित मेरे गांव में सब्जी बेच रहे हो। तेरा छुआ हुआ सब्जी कौन खाएगा। इतने में अपने गाड़ी से उतर कर मेरा ठेला पलट दिए पूरा सब्जी रोड पर बिखर गया। और पॉकेट से पांच सौ रुपया निकाल लिए एवं मेरा गला दबाकर पटक दिए मुझे लात घुसे से मारने लगे। अपने जूते पर थूक कर चटवाने लगे। और धमकी देते हुए बोले कि तुम मेरे गांव में कल से सब्जी बेचने आयेगा तो तुम्हें गोली मार देंगे।

जबकि रमपुरवा निवासी सुमन सिंह पिता विनोद बिहारी सिंह ने भी एक मामला दर्ज कराया है जिसमें कहा गया है कि 12 सितंबर की शाम को वाल्मीकिनगर से अपने घर अपने गाड़ी से गाँव के रास्ते से आ रहा था तो अलि हसन मियां के घर के पास रास्ते पर पानी लगा था और बगल में सब्जी का ठेला लेकर विनोद राम पिता खेदन राम रास्ते पर सब्जी बेच रहा था। एक तो रास्ते में पानी जमा हुआ और दुसरी तरफ ठेला लगा हुआ था। कुछ लोग सब्जी खरीद रहे थे। भीड़ की वजह से मुझे गाड़ी निकालने में मुझे असुविधा हो रही थी। इसलिए मैं में अपने गाड़ी को साइड से निकालने कि कोशिश की। इतने में सब्जी बेच रहे विनाद राम अपना ठेला को मेरे गाड़ी में सटा दिया जिससे मेरे गाड़ी पर दाहिने साइड स्क्रैच आ गया। इस पर जब मैंने गाड़ी से उतर कर उससे पूछा कि यह क्या किया तो वह गाली गलौज करते हुए मार पीट करने लगा। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली देते हुये बोला कि ढेर बॉस बन तार। तोहर सारा गुरुर झरा जाई तोहर सारा मुखियई निकाल देम। तहरा पर हरिजन एक्ट करेम कहते हुए पॉकेट से तीन हजार रुपया निकाल लिया और कहा कि जहाँ अकेले मिलब त जान से मार देब।

इस बाबत थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 87/24 एवं 88/24 दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

# नो मैन्स लैंड से हटेगा अतिक्रमण



चा० भूमि मैनाटाड़

प्रखंड अंतर्गत भंगहा में इंडो-नेपाल बॉर्डर पर नो मैन्स लैंड से अतिक्रमण हटेगा। इसको लेकर अंचल प्रशासन और एसएसबी ने रणनीति तैयार कर ली है। अतिक्रमणकारियों को प्रशासन समझायेगा कि वे स्वतः अतिक्रमण हटा ले। समझाने पर भी अतिक्रमण नहीं हटाया तो उनके खिलाफ सख्ती होगी। अतिक्रमण हटाने को लेकर शनिवार को सीओ आशीष आनंद और नगरदेही एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट निर्मल चकमा ने भंगहा में नो मैंस लैंड पर हुये अतिक्रमण का जायजा लिया। सीओ ने बताया कि नो मैन्स लैंड पर खेती योग्य भूमि और झोपड़ी या फिर मकान हो उसकी सुची तैयार कर कागजातों की जांचोपरात अतिक्रमणमुक्त करने का निर्देश दिया गया है।

अतिक्रमण कारियों को नोटिस दे दिया गया है।तय समय के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन अतिक्रमण कारियों के विरुद्ध सख्ती से निपटेगा। सीओ ने बताया कि हर हाल में नो मैंस लैंड अतिक्रमण मुक्त होगा।भंगहा के अलावे इनरवा, खमिहा, भेड़िहरवा आदि सीमावर्ती क्षेत्रों में भी नो मैंस लैंड से अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की जायेगी। अंचल प्रशासन के इस सख्ती से अतिक्रमण कारियों में हड़कंप की स्थिति है। उल्लेखनीय है कि नो मैंस लैंड पर बहुत दिनों से झोपड़ी आदि बनाकर कर अतिक्रमण किया गया है। वहीं नो मैंस लैंड को खेती भी की जा रही है।

# लाखों रुपये के गांजा समेत तस्कर धराया



चा० भूमि मैनाटाड़

इनरवा पुलिस और नगरदेही एसएसबी के जवानों ने नेपाल से लाखों रुपये के गांजा लेकर आ रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।कार्रवाई में बाईक को भी जप्त किया गया है। इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि शुक्रवार की संध्या सात बजे करीब थाना क्षेत्र के देवीगंज के पास से भारत नेपाल पिलर संख्या 420/ 7 से नेपाल क्षेत्र से बाइक से गांजा लेकर भारतीय क्षेत्र में आने की सूचना मिली। तुरंत नगरदेही एसएसबी से समन्वय बना कर नाका लगा दिया गया। तब तक एक बाइक सवार आता दिखाई दिया पुलिस और एसएसबी के जवानों ने उस संदिग्ध बाइक सवार को रोकना चाहा लेकिन वह भागने के प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसे धर दबोचा। पकड़े गए बाइक की जांच की गयी तो वाटर प्रूफ पैकेट में रखा हुआ गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन 5 किलो हुआ। उन्होंने बताया कि बाइक के में छुपा कर ला रहे पांच किलो गांजे के साथ पकड़ा गया तस्कर मानपुर थाना क्षेत्र के तिलोजपुर गांव का रहने वाला राजेश मंडल है। जब्त गांजा की अंतरराष्ट्रीय कीमत दो लाख रूपये आंकी गयी है। वहीं गांजा तस्कर राजेश मंडल के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है।

# विशाल कुशवाहा मुहिम के तहत डिवाइडर के बीच पौधे लगा रहे है



चा० भूमि रक्सौल

पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधे लगाना जरूरी है। अगर पौधे नही लगाएंगे तो आने वाली पीढ़ी हमे माफ नही करेगी। उक्त बातें जेडीयू नेता विशाल कुशवाहा ने कही। आपको बता दें की विशाल कुशवाहा ने एक मुहिम छेड़कर रोड के बीच बने डिवाइडर पर पौधे लगाने का काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि हमारे रक्सौल शहर में पेड़ पौधे की बहुत ही कमी है। जिस कारण पॉल्यूशन दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वही अगर मुख्य सड़क के बीचों बीच डिवाइडर में पौधरोपण से शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि यह मेरी मुहिम है। शहर के कोइरियाटोला से लेकर बाटा चौक तक सुंदर आकर्षक पौधे लगाना।

# स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है



चा० भूमि मोतिहारी

स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम की शुरुआत जन शिक्षण संस्थान के प्रधान कार्यालय एवं सभी उप केन्द्र पर किया गया। जन शिक्षण संस्थान के प्रधान कार्यालय में निदेशक द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षक को एवं कर्मियों को शपथ दिलाया गया। इसका मुख्य थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता है निदेशक द्वारा बताया गया कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है हमें अपने साथ-साथ आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की जरूरत है हम सभी को अपने आदत में स्वच्छता को शामिल करने की जरूरत है। अगर हम स्वयं स्वच्छ रहेंगे तो परिवार में बदलाव आएगा और परिवार स्वच्छ होगा तो समाज स्वच्छ होगा समाज स्वच्छ होगा तो देश स्वच्छ होगा ।सभी को मिलकर इस अभियान में हिस्सा लेना है और हमारे देश को स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है स्वच्छता सभी के लिए जरूरी है । इस अभियान को सफल बनाने में संस्थान के सभी कर्मी शामिल थे ।

# लिविंगस्टोन के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया

## इंग्लैंड ने 3 टी-20 मैचों की श्रृंखला में की 1-1 से बराबरी

**एजेंसी, कार्डिफ**



अनुभवी लियाम लिविंगस्टोन के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से इंग्लैंड ने शुक्रवार को कार्डिफ में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 1-1 की बराबरी कर ली है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क (50) के पहले अर्धशतक और जोश इंग्लिस के 26 गेंदों पर 42 रनों की तेज पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मैथ्यू शॉर्ट ने 28 और कप्तान ट्रेविस हेड ने 31 रन बनाए। अंत में आरोन हार्डी ने 9 गेंदों में 20 रन की तेज पारी खेली। इंग्लैंड के लिए लिविंगस्टोन और ब्रीडन कार्स ने 2-2 और सैम करन, आदिल राशिद ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम एक समय 79 रनों पर 3 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, लेकिन यहां से लिविंगस्टोन (47 गेंदों पर 87 रन) और जैकब बेथेल (24 गेंदों पर 44 रन) के बीच केवल 47 गेंदों पर 90 रनों की साझेदारी ने उन्हें वापस मैच में ला दिया और इंग्लैंड ने 1ओवर शेष रहते 194 रन बनाकर 3 विकेट से जीत दर्ज कर ली। इंग्लिश कप्तान फिलिप शॉर्ट ने भी 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैथ्यू शॉर्ट ने 5 विकेट लिए, जबकि सीन एबॉट ने 2 विकेट झटके। दोनों टीमों के बीच तीसरा और अंतिम टी-20 मैच रविवार को खेला जाएगा।

## बांग्लादेश संभावित रूप से अक्टूबर में दो टेस्ट मैचों के लिए करेगा दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी

**एजेंसी, ढाका** । दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज क्रमशः ढाका और चट्टोग्राम में खेले जाने की संभावना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। बीसीबी अधिकारी ने क्रिकबज से बातचीत में जोर देकर कहा कि उन्हें उम्मीद है कि श्रृंखला जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा है, इस तथ्य के बावजूद कि देश में राजनीतिक स्थिति के कारण संदेह पैदा हो गया था, तय कार्यक्रम के अनुसार शुरू होगी। उम्मीद है कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) अपने आगामी दौरे के संबंध में अंतिम निर्णय लेने से पहले दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसएसीए) के साथ बैठेगा।



हालाँकि, यह समझा जाता है कि दौरे को लेकर कोई सुरक्षा चिंताएँ नहीं हैं। एक अतिरिक्त कारक जो श्रृंखला होने के पक्ष में हो सकता है वह यह है कि दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने बांग्लादेश का दौरा करने के खिलाफ यात्रा सलाह जारी नहीं की है। बीसीबी ने श्रृंखला के लिए एक मसौदा यात्रा कार्यक्रम तैयार किया था और उसके अनुसार, पर्यटक 16 अक्टूबर को बांग्लादेश पहुंचेंगे। दक्षिण अफ्रीका 21 अक्टूबर से ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में शुरुआती टेस्ट खेलेगा।

# शतरंज ओलंपियाडः पुरुषों ने दर्ज की तीसरी जीत, महिलाओं ने हरिका की हार के बाद भी जीता राउंड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



शुक्रवार को बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में भारतीय पुरुषों और महिलाओं ने तीसरे दौर में जीत दर्ज की। तीसरे दौर में पुरुषों ने मेजबान हंगरी-बी को 3.5-0.5 से हराया, जबकि महिलाओं ने स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया।

द्रोणावल्ली हरिका की हार टूर्नामेंट में किसी भारतीय खिलाड़ी की पहली हार थी। उन्हें शीर्ष बोर्ड पर एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक ने हराया, जिन्होंने अतीत में रूस का प्रतिनिधित्व किया था। अन्य सभी भारतीय महिलाओं ने जीत हासिल की, दूसरे बोर्ड पर आर. वैशाली ने ग़ज़ल हकीमीफर्ड को, तीसरे पर दिव्या देशमुख ने सोफिया ह्रीज़लोवा को और चौथे पर वंतिका अग्रवाल ने मारिया मानको को हराया। ओपन वर्ग में भारत का शत-प्रतिशत रिकॉर्ड मेजबान देश की दूसरी टीम ने तोड़ा। पहले कुछ दिनों में अपने सभी आठ गेम जीतने के बाद, दूसरे वरीय भारत को आधा अंक गंवाने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि विदित गुजराती को गैबोर पप्प ने चौथे बोर्ड पर ड्रॉ पर रोक दिया था, जिसे 170 एलो अंक से नीचे रेटिंग दी गई है। लेकिन, डी. गुकेश, आर. प्रगनानंद और अर्जुन एरिगैसी की शानदार युवा तिकड़ी की जीत हुई, जिन्होंने क्रमशः एडम कोज़ाक, तमस बानुस्ज़ और पीटर प्रोहाज़्का पर जीत हासिल की। अभी आठ राउंड बाकी हैं।

# इंटर मियामी के लिए वापसी को तैयार लियोनेल मेसी

**एजेंसी, वाशिंगटन**

लियोनेल मेसी चोट के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद इस सप्ताह के अंत में इंटर मियामी के लिए एक्शन में लौटने के लिए तैयार हैं। 37 वर्षीय अर्जेंटीना के कप्तान मेसी ने जुलाई में कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर एल्बीसेलेस्टे की 1-0 की जीत के दौरान टखने की चोट के बाद से नहीं खेला है।

हालांकि वह पूर्ण प्रशिक्षण पर लौट आए हैं और शनिवार को फिलाडेल्फिया के खिलाफ इंटर मियामी के घरेलू मुकाबले के लिए उनका खेलना तय है। इंटर मियामी के प्रबंधक गेरार्डो मार्टिनो ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, "हां, वह ठीक हैं। उन्होंने गुरुवार को प्रशिक्षण लिया और वह मैच के लिए हमारी योजनाओं में है। आज प्रशिक्षण के बाद हम उसके लिए रणनीति के बारे में सोचेंगे, लेकिन वह उपलब्ध हैं।" मेसी के नाम इस सीजन में 12 मेजर लीग सॉकर मैचों में 12 गोल और 13 सहायता हैं।

मार्टिनो आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता की मैच फिटनेस की कमी से चिंतित नहीं थे, उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति मात्र से फ्लोरिडा टीम को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। मार्टिनो ने कहा, "अपनी टीम के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का वापस स्वागत करना, जो पहले से ही अच्छे प्रदर्शन पर थी, हम सभी को बहुत खुशी हो रही है।" इंटर मियामी वर्तमान में 27 मैचों में 59 अंकों के साथ मेजर लीग सॉकर के ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सिनसिनाटी से आठ अंक आगे है।



# आईएसएलः अपने पहले मुकाबले में ईस्ट बंगाल से भिड़ेगा बेंगलुरू एफसी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

बेंगलुरू एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सीजन 2024-25 में शनिवार शाम अपना पहला मैच ईस्ट बंगाल एफसी से खेलेगी। यह मुकाबला यहां श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेला जाएगा। बेंगलुरू का मजबूत ओपनिंग मैच रिकॉर्ड है, क्योंकि टीम अब तक अपना पहला मैच केवल एक बार हारी है। उन्हें वो हार पिछले सीजन में मिली थी जब वे केरला ब्लास्टर्स एफसी से 1-2 से हारे थे। वहीं, ईस्ट बंगाल एफसी ब्लूज के खिलाफ लगातार गोल कर रही है, उसने अपने पिछले चार मुकाबलों में से प्रत्येक में गोल दागे हैं और तीन जीत हासिल की है। लेकिन यह भी तथ्य है कि रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड अच्छी शुरुआत नहीं करती है। उसने कभी भी अपना पहला आईएसएल मैच नहीं जीता है और वो इसे बदलना चाहेगी। बेंगलुरू एफसी के हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने पिछले सीजन के मध्य में टीम की जिम्मेदारी संभाली थी और उनकी देखरेख में ब्लूज ने चार क्लीन शीट रखी थी, लेकिन पिछले सत्र में 10वें स्थान पर रहे थे। लिहाजा ब्लूज को कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है। कोच ने कहा, "जिन खिलाड़ियों को हम चाहते थे, उनको अनुबंधित किया गया। खेल निदेशक और मालिकों ने अपना काम कर दिया है और अब हमारी बारी है। प्रशिक्षण, फिटनेस और रणनीति के मामले में हमारा प्री-सीजन बढ़िया रहा।" कार्लेस कुआड्राट पिछले सीजन में ईस्ट बंगाल एफसी से जुड़े थे और उनकी देखरेख में, रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड डूरंड कप के फाइनल में पहुंची और सुपर कप जीती, जिससे उसे एशिया में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। हालांकि, आईएसएल में टीम की स्थिति सीजन से 2022-23 नहीं बदली है, क्योंकि वो सात क्लीन-शीट रखने के बावजूद नौवें स्थान पर रही। कार्लेस ने कहा, "हम एक टीम बना रहे हैं और पिछले सीजन से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए हमने नए खिलाड़ियों को शामिल किया है जिससे कि हम अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकें।



# व्यापार

# विजयवाड़ा-नई दिल्ली के बीच इंडिगो की विमान सेवा का शुभारंभ





**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में विजयवाड़ा से नई दिल्ली के बीच इंडिगो की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। नायडू ने विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर एक नए प्रवेश और निकास मार्ग का भी शुभारंभ किया। मंत्री के कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर एक बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री नायडू ने विजयवाड़ा-नई दिल्ली के बीच इंडिगो की उड़ान का उद्घाटन किया है। इसके साथ ही उन्होंने विजयवाड़ा एयरपोर्ट पर एक नए प्रवेश और निकास मार्ग का भी शुभारंभ किया। इससे एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए दूरी 400 मीटर कम हो गई है। मंत्री नायडू ने कहा कि मुझे हवाई अड्डे के संचालन की समीक्षा करने का भी मौका मिला। नए एकीकृत टर्मिनल को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। हम विजयवाड़ा एयरपोर्ट को और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह उद्घाटन उसी दिशा में एक कदम मात्र है।

# डीजीजीआई की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24: जीएसटी चोरी के रुझान जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने शनिवार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2023-24: जीएसटी चोरी के रुझान जारी किए। रिपोर्ट में चोरी के पैटर्न का व्यापक विश्लेषण किया गया है। इसके साथ ही जीएसटी चोरी और रणनीतिक प्रवर्तन के महत्वपूर्ण मामलों पर प्रकाश डाला गया है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की तरफ से शनिवार को 'एक्स' पोस्ट में बताया गया है कि जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2023-24: जीएसटी चोरी के रुझान जारी किए हैं। इस रिपोर्ट को सीबीआईसी के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने डीजीजीआई सदस्य अनुपालन प्रबंधन राजीव तलवार एवं अन्य की उपस्थिति में जारी किया।



जीएसटी खुफिया महानिदेशालय का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आज सिलीगुड़ी में शुरू हुआ। इसका उद्घाटन अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने किया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में कर प्रवर्तन, उभरते कर चोरी क्षेत्रों की पहचान और वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में सीईएसटीएटी, डीजीएआरएम, प्रवर्तन निदेशालय, एनएफएसयू, आई4सी, डीओटी और जीएसटीएन के प्रतिष्ठित आमंत्रितों के सत्र होंगे, जिनमें उन्नत डिजिटल फोरेंसिक, एनसीआरपी, बीआईएफए और सफल जांच जैसे विषयों को शामिल किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वस्तु एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) वित्त मंत्रालय के अधीन एक कानून प्रवर्तन एजेंसी है। यह एजेंसी भारत में कर चोरी से लड़ने के लिए जिम्मेदार है। इसकी स्थापना 1979 में कर चोरी विरोधी महानिदेशालय के रूप में की गई थी, जिसे बाद में नाम बदल कर केंद्रीय उत्पाद शुल्क खुफिया महानिदेशालय कर दिया गया है।

# एफसीआई का 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत की है। एफसीआई के अभियान का मुख्य फोकस 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' पर आधारित है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक देशभर में चलाया जाएगा। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि एफसीआई ने 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता अभियान चलाने की एक योजना बनाई है। इस अभियान को देशभर में 760 स्थानों पर जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल (उत्तर से दक्षिण) और गुजरात




से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों (पश्चिम से पूर्व) तक के सभी एफसीआई कार्यालयों, जोनल, क्षेत्रीय एवं जिला और दूरदराज के क्षेत्रों को कवर करने वाले गोदामों में शुरू किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम ने 17 सितंबर, 2024 से शुरू होने वाले इस अभियान के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है, जिसमें 'संपूर्ण समाज' दृष्टिकोण पर जोर देते हुए तीन प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस अभियान की प्रगति की नियमित रूप से SHS पोर्टल https://swachhatahiseva.gov.in पर निगरानी की जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक चूंकि स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलेगा और स्वच्छ भारत दिवस पर समाप्त होगा, इसलिए यह सभी नागरिकों, भागीदारों और हितधारकों के लिए इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर प्रस्तुत करता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय खाद्य निगम देशभर के किसानों से एमएसपी पर गेहूं और धान खरीदता है। ये विभिन्न परिवहन साधनों के माध्यम से प्रति वर्ष करीब 50 मिलियन टन खाद्यान्न का परिवहन करके यह भी सुनिश्चित करता है, ताकि देश के हर हिस्से में गेहूं और चावल उपलब्ध हो।

## एयर एशिया की 27 अक्टूबर से हैदराबाद से बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बजट एयरलाइंस कंपनी एयर एशिया ने भारत को थाईलैंड से जोड़ने वाली दो नई सीधी उड़ानों की शुरुआत की घोषणा की है। एयरलाइन हैदराबाद से बैंकॉक के लिए 27 अक्टूबर से चार साप्ताहिक उड़ानों का परिचालन शुरू करेगी। इसके अलावा चेन्नई से फुकेत के लिए एक सीधी उड़ान 30 अक्टूबर से शुरू होगी, जिसमें तीन साप्ताहिक उड़ानें होंगी। एयर एशिया थाइलैंड की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक हैदराबाद से बैंकॉक और चेन्नई से फुकेत के लिए सीधी उड़ानों का संचालन क्रमशः 27 अक्टूबर और 30 अक्टूबर से करेगी। कंपनी ने बताया कि हैदराबाद से बैंकॉक के लिए चार साप्ताहिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा जबकि चेन्नई से फुकेत के लिए तीन साप्ताहिक उड़ानें होंगी। कंपनी ने बताया कि लॉन्च का जश्न मनाने के लिए एयर एशिया हैदराबाद से बैंकॉक के लिए केवल 7,390 रुपये की एकतरफा कीमत पर प्रमोशनल किराया की पेशकश कर रही है, जो 27 अक्टूबर, 2024 से 29 मार्च 2025 के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए 22 सितंबर, 2024 तक बुकिंग के लिए उपलब्ध है। चेन्नई से फुकेत मार्ग के लिए एक तरफ का शुरुआती किराया 6,990 रुपये है।

# सरकार के रियायती दरों पर प्याज की खुदरा बिक्री से कीमत में आई गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर बेचने की शुरुआत की है। सरकार की सब्सिडी वाली प्याज की खुदरा बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है। हालांकि, इसकी कीमतों में अभी तेजी बनी हुई है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि पांच सितंबर को शुरू की गई सरकार की सब्सिडी वाली प्याज की बिक्री की पहल से कुछ ही दिनों में प्रमुख शहरों में कीमतों में गिरावट आई है।



मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली में प्याज की खुदरा कीमत 60 रुपये से घटकर 55 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जबकि मुंबई में 61 रुपये से घटकर 56 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चेन्नई में खुदरा कीमत 65 रुपये से घटकर 58 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंत्रालय ने कहा कि बढ़ती हुई मांग को देखते हुए सरकार ने सब्सिडी वाली प्याज की मात्रा बढ़ाने और वितरण चैनलों का विस्तार करके ई-कॉमर्स मंच, केंद्रीय भंडार आउटलेट और मदर डेयरी के सफल स्टोर को शामिल करने का फैसला किया है। गौरतलब है कि सरकार ने मोबाइल वैन और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) के आउटलेट के जरिए 35 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी दर पर उपभोक्ताओं को प्याज की बिक्री शुरू की है। नई दिल्ली और मुंबई में शुरू हुआ यह कार्यक्रम अब चेन्नई, कोलकाता, पटना, रांची, भुवनेश्वर और गुवाहाटी सहित अन्य प्रमुख शहरों में भी फैल चुका है।

# कठहा गांव में मगरमच्छ निकलने से मचा हड़कंप

चा० भूमि बगहा



» हालाँकि जिले मे पहले कभी कभी टाइगर के आंतक से लोग सहमे रहते थे अब मगरमच्छ के नये आतंक ने जिलेवासियों को संकट में डाल रहा है

बिहार के जिला पश्चिमी चंपारण के बगहा मे उत्तर प्रदेश की सीमा पर गंडक नदी किनारे अवस्थित धनहा थाना क्षेत्र के कठहा गांव में मगरमच्छ निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी जिसके बाद टीम के पहुँचने से पहले गांव में युवाओं की टोली ने साहस और हिम्मत दिखाते हुये कड़ी मशक्कत कर रस्सी और बांस बल्ली के सहारे मगरमच्छ को पकड़ लिया। घटना के सम्बंध में जानकारी मिली कि धनहा थाना क्षेत्र के तमकुहा कठहा गांव में सुबह के वक्त जब बच्चे स्कूल जा रहे थे, तो देखा कि एक विशाल मगरमच्छ मकई की खेत में लेटा हुआ है।मगरमच्छ देखकर बच्चों ने शोरगुल किया जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे । बताया जा रहा है कि गंडक नदी में पिछले महीने आई बाढ़ की पानी के बीच कई मगरमच्छ आसपास के गांवों में पहुंच गया है। जो किसानों के खेत और गड्ढों में इकट्ठा पानी के बीच डेरा जमाये उनके पालतू पशुओं और पक्षियों को निवाला बना रहे हैं।

रिहायशी इलाके में मगरमच्छ मिलने की सूचना पर खुद धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय युवाओं की सूझबूझ से रेस्क्यू किए गए मगरमच्छ को अपने कब्जे में लिया। जिसके बाद उसे ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर थाने पर लाया गया। पुलिस टीम ने गांव के युवाओं के साहस को सैल्यूट किया है। जिसके बाद खुद थाना प्रभारी ने वन विभाग को सूचना दी। इन दिनों रिहायशी इलाकों में मगरमच्छ के बढ़ते आतंक से आम जनों में भय का माहौल है। पकड़े गये मगरमच्छ की लम्बाई करीब 12 फीट है जो बेहद तगड़ा और खतरनाक है। सबसे बड़ी बात यह रही कि किसी प्रकार के जान माल का नुकसान नहीं हुआ हालाँकि लोगों में भय का माहौल कायम है।

## स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत प्रखंड में स्वच्छता रैली का आयोजन



चा० भूमि गौनाहा

शनिवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत श्रमदान बीडीओ, सीओ, पीओ, बीपीआरओ, प्रखंड समन्वयक,पर्यवेक्षक,स्वच्छता कर्मी द्वारा श्रमदान कर सफाई कर स्वच्छता संदेश दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वच्छता पर्यवेक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद द्वारा किया गया। अभियान के शुभारंभ में प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवजन्म राम, अंचल अधिकारी विवेक कुमार सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी अन्नपूर्णा कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी सुचेता,

प्रखंड समन्वयक विनोद कुमार, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश कुमार सिंह आदि की उपस्थिति ने स्वच्छता संदेश दिया। "स्वच्छता ही सेवा' अभियान के थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के विषय पर विस्तृत चर्चा स्वच्छता पर्यवेक्षक द्वारा किया गया।स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिकेत कुमार,धर्मेन्द्र गिरी आदि भी उपस्थित रहें।

## एसएसबी व नेपाल एपीएफ ने इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में किया ज्वाइंट पेट्रोलिंग



चा० भूमि वाल्मीकिनगर

इंडो नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा में तैनात एसएसबी और नेपाल एपीएफ के जवानों ने सहायक सेनानायक जयंत बोरा के नेतृत्व में संयुक्त पेट्रोलिंग किया।जिसमे आने जाने वाले सभी वाहनों, और पैदल आने वाले लोगों की गहनता से जांच की गई । पेट्रोलिंग टीम में एसएसबी की तरफ से प्रदीप मंडल के साथ अन्य जवान शामिल रहे। वहीं नेपाल एपीएफ टीम का नेतृत्व पार्टी कमांडर निरीक्षक गणेश थापा कर रहे थे। इस बाबत सहायक सेनानायक जयंत बोरा ने बताया कि एसएसबी और एपीएफ की संयुक्त पेट्रोलिंग समय समय पर होती रहती है। इससे दोनो देशों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है, और एक दूसरे से सूचना का आदान प्रदान भी होता रहता है। इस पेट्रोलिंग से सीमा पार से होने वाले अवैध गतिविधियों सहित मानव तस्करी पर रोक लगता है।

## थाना के प्रांगण में लगा जनता दरबार



चा० भूमि

» मौजूद लोगों ने बारी-बारी से अंचलाधिकारी से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज करायी

नौतन थाना के प्रांगण में शनिवार को लगे जनता दरबार में जमीन से संबंधित विवादित लोगों ने अपनी बातों को अंचलाधिकारी आदित्य झा को बतायी। अंचलाधिकारी ने बारी बारी से संबंधित कागजात देखते हुए पहलुओं पर विचार किया। नौतन अंचलाधिकारी ने जमीन संबंधी 6 विवादों को निष्पादन किया। जनता दरबार में तीन आवेदन पड़े।पाँच जमीन संबंधी मामला पुराना था जो आज निष्पादन कर दिया ।






# सुनील कुशवाहा बने राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

चाणक्य भूमि मोतिहारी



राजद कार्यालय ढाका मे राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रणविजय साहू के निर्देश पर राजद जिला अध्यक्ष नूरआलम खान के द्वारा सुनील कुशवाहा को व्यवसायिक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया, जिससे पूर्वी चंपारण मधुबन सांगठनिक जिला के राजद कार्यकर्ताओ मे हर्ष हैं, वही श्री कुशवाहा ने पार्टी के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह एवं व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रणविजय साहू एवं जिला अध्यक्ष नूर आलम खान का आभार प्रकट करते हुए कहां कि शीर्ष नेतृत्व जो जिम्मेवारी दी है, उसको बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा।

महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव ने सुनील कुशवाहा के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सुनील कुशवाहा को व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बनने से जिला में राष्ट्रीय जनता दल को मजबूती मिलेगी। वही बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री सह नरकटिया विधायक डॉ. शमीम अहमद, सुगौली विधायक शशि सिंह, पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव, पूर्व विधायक फैसल रहमान सुरेश यादव, अच्छे लाल यादव, मदन साह, जे.पी. यादव, कपिल देव राय, प्रमोद राय, प्रदेश महासचिव फखरुद्दीन आलम , रक्सौल विधानसभा प्रभारी सैफुल आजम , सौरंजन यादव, प्रेम यादव, दीपक यादव, कृष्णा यादव, प्रदीप प्रेम, युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्ष अरमान आलम, एजाजुल हक़ सहित अन्य राजद कार्यकर्ताओ ने बधाई एंव शुभकामनाएं दी।

## नौशाद आलम व जिला उपाध्यक्ष बने किफैतुल्लाह

चा० भूमि गौनाहा



» कांग्रेस अल्पसंख्यक के प्रखंड अध्यक्ष बने नौशाद आलम

शनिवार को गौनाहा के परसा में कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष हलीम अखतर खान के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें गौनाहा प्रखंड अल्पसंख्यक के पूर्व अध्यक्ष किफैतुल्लाह खान को जिला उपाध्यक्ष एवं नौशाद आलम को गौनाहा प्रखंड अल्पसंख्यक के प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर विशेष बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हलीम अख्तर खान द्वारा कहा गया की वर्तमान सरकार द्वारा बिजली विभाग के एजेंसी से साठ गांठ कर लोगों को जबरन स्मार्ट मीटर थोप कर जनता को लूटा जा रहा है। , इस संदर्भ में कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूरे राज्य स्तर पर इसका विरोध करने की तैयारी को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन मीटिंग जगह-जगह किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से आज गौनाहा प्रखंड में बैठक का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर खुर्शीद आलम जिला संयोजक सह महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिमी चंपारण, मो० हसनैन प्रभारी सेवादल, कृष्णा सिंह यादव प्रदेश सचिव सेवा दल, मो० कैश, बदरे आलम जिला सचिव बगहा इबरार हसन. धनंजय यादव, विपिन प्रसाद मो० फारूक, मो० सानी, अनुकूल कावि मोसलीम खान, शमीम आलम आदि दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# बाल हृदय रोगियों को स्क्रिनिंग हेतु पटना भेजा गया

चाणक्य भूमि बेतिया



» आरबीएसके के तहत दिल में छेद वाले गंभीर बच्चों की सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद में होती है निःशुल्क सर्जरी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हृदय रोग से पीड़ित जिले के विभिन्न प्रखंडो के 24 बच्चे को उनके अभिभावकों के साथ बेहतर इलाज के लिए जिला स्वास्थ्य समिति बेतिया से अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाते हुए एम्बुलेंस से इंदिरा गाँधी

हृदय रोग संस्थान पटना रवाना किया गया। वहां इन बच्चों का कैंप में स्क्रीनिंग की जाएगी, जहाँ सामान्य रोग होने पर पटना में ही इलाज की जाएगी वहीं गंभीर रोग होने पर अभिभावकों के साथ हवाई जहाज से श्री सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद रवाना किया जाएगा। जहां इनके हृदय में छेद की सर्जरी कराई जाएगी।

जानकारी देते हुए डॉ चंद्रा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्र पर ऐसे बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद ऐसे गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों की पहचान करते हुए उन्हें विशेष इलाज की सुविधा हेतु एम्बुलेंस से पटना रेफर किया जाता है। उसके बाद गंभीर हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद उनके अभिभावक के साथ भेजा जाता है, जहां रहने, खाने,इलाज की सभी व्यवस्था के साथ ही हवाई जहाज के टिकट की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है।

आज नरकटियागंज प्रखंड के 09, लौरिया 03, मझौलिया 02, बगहा 1 से 01, बगहा 2 से 03 योगापट्टी से 02, चनपटिया से 01, मैनाटांड से 02, सिकटा से 01 बच्चे को भेजा गया है।

डीपीएम अमित अचल ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत 43 प्रकार की बीमारियों की जांच चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों व अन्य स्थानों पर कैंप लगाकर समय-समय पर की जाती है। जांच के दौरान कुछ बच्चों में हृदय रोग से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर उन्हें जिले के अस्पताल में स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को उनके माता-पिता और जरूरी कागजातों के साथ निःशुल्क एम्बुलेंस पटना और उसके बाद विमान से श्री सत्य साइ हॉस्पिटल, अहमदाबाद भेजा जाता है। उन्होंने बच्चों के अभिभावक से अपील करते हुए कहा की ऐसे बच्चों की जानकारी होने पर सरकारी अस्पताल या जिला स्वास्थ्य समिति के जिला समन्वयक रंजन कुमार से सम्पर्क करें। मौके पर एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा, लेखा प्रबंधक रणधीर सिँह, जिला समन्वयक रंजन कुमार,जिला स्वास्थ्य समिति के अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थें।

## सात दिनों बाद गणपति बप्पा का हुआ विसर्जन

चा० भूमि बगहा



नगर के काली स्थान में लगातार 13 सालों से शान्ति शांतिपूर्ण माहौल में गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। हर साल की भांति इस साल भी नवयुवक पूजा समिति के द्वारा सात दिवसीय गणेश महोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव के समापन के दिन 2 क्विंटल 51 किलो लड्डू और 56 भोग गणपति बप्पा के दरबार में चढ़ाया गया। यह समिति के सदस्य व नगर वासियों के सहयोग से किया गया। इस दौरान गणपति बप्पा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। दर्शन के लिए आए सभी श्रद्धालुओं को 56 भोग एवं लड्डू के महा प्रसाद का वितरण किया गया।

इसकी जानकारी देते हुए मिक्की पाण्डेय, राजा कुमार सुमित कुमार, संदीप कुमार ने बताया कि गणपति बप्पा का विदाई समारोह पूजा समितियों के द्वारा किया गया है। विदाई के दौरान गणपति बप्पा के मूर्ति को पूरे नगर में भ्रमण कराया गया उसके बाद बगहा नगर थाना प्रशासन के देख रेख में गंडक नदी में उनका विसर्जन किया गया।












## साठी मे आग लगने से चार घर जलकर राख



चाणक्य भूमि

साठी के बसंतपुर पंचायत के छरदवाली गांव मेअचानक आग लगने से चार घर जलकर राख हो गया है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है।घटना की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया है।

जिन लोगों के घर जले है उनकी पहचान भूखल चौधरी, हरिराज चौधरी, मनाई चौधरी, इंद्रदेव गिरी के रूप मे हुई है। पीड़ितों के अनुसार इस घटना में आठ लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ है। घर में रखा कपड़ा, बर्तन, गहना, फर्नीचर, अनाज समेत सब कुछ जलकर राख हो गया है।

# प्रशिक्षु डीएसपी का हुआ विदाई सह सम्मान समारोह

चा० भूमि मझौलिया




शनिवार को थाना परिसर में बिदाई समारोह का आयोजन हुआ जिसमें प्रशिक्षु डीएसपी अमरकांत को सम्मानित किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र ने की।वक्ताओं ने कहा कि दो महीने में डीएसपी ने लोगों का दिल जीता। डीएसपी अमरकांत ने कहा कि पुलिस पब्लिक समन्वय के बिना हम कभी भी अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकते । मेरे सर्विस की पहली प्रशिक्षण मझौलिया थाना में हुई, जहां के पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आम जनता का सहयोग मुझे मिला । उन्होंने कहा कि नौकरी में स्थानांतरण पोस्टिंग होती रहती है। इस दौरान थाना परिसर में उपस्थित सभी पदाधिकारीयो ने

फूल माला पहनाकर तथा बुके देकर प्रशिक्षु डीएसपी अमरकांत को सम्मानित किया।

मौके पर मनिंद्र कुमार , शम्भू कुमार साह , भूपेश कुमार , मंजय कुमार , शौकत अली राजीव कुमार , अनुज कुमार , वरुण कुमार , प्रमोद कुमार प्रभाकर , अनंत कुमार , पुरुषोत्तम कुमार , विजय कुमार , भानु कुमार , विकास कुमार , संजीव कुमार , राजन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प० चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो०-9472494714